हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...

RNI No- UPHIN/2008/28258

वर्षः 14, अंकः 68 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, मंगलवार 27 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने नेपाल के नये प्रधानमंत्री प्रचंड को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' को आज बधाई दी। मोदी ने ट्वीटर पर लिखा, नेपाल के प्रधानमंत्री चुने जाने पर कॉमरेड प्रचंड को बहुत बहुत बधाई। भारत एवं नेपाल के बीच अद्वितीय संबंध हमारे प्रगाढ़ सांस्कृतिक संबंध और हमारी जनता के बीच घनिष्ठ संबंधों पर आधारित हैं। मैं इस मैत्री को और मज़बूत करने के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं। नेपाल के आम चुनावों के बाद नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नेता प्रचंड ने चुनाव के पश्चात पाला बदल कर नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के साथ गठबंधन कर लिया और दोनों पार्टियों के समझौते के तहत प्रचंड ने सरकार बनाने का दावा किया और राष्ट्रपति बिद्यादेवी भंडारी ने उन्हें देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड आज प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### बीएसएफ ने अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर तस्करों के नापाक मंसूबे को नाकाम करते हुए पंजाब में अमृतसर जिले के राजाताल गांव के नजदीक एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अमृतसर जिले में राजाताल गाँव के पास पड़ने वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाली संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु की भनभनाहट सुनी। ड्रिल के मुताबिक जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को रोकने की कोशिश की और पूरे इलाके की घेराबंदी कर पुलिस और संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के आगे खेती के खेतों में एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर) पड़ा मिला है। क्षेत्र की और विस्तार से खोज जारी है।

### पूजा सिंघल मामले में ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग (धनशोधन) मामले में झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की उस याचिका पर जारी किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बीमार बेटी की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। जस्टिस एस के कौल और अभय एस ओका की पीठ ने सुनवाई करते हुए ईडी और अन्य से इस मामले में जवाब मांगा है। पीठ ने जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को जनवरी 2023 में अदालत के दोबारा खुलने तक का समय दिया है। इसके साथ ही पीठ ने यह भी कहा कि इस बीच, प्रतिवादी याचिकाकर्ता की बेटी की चिकित्सा स्थिति का जांच करके अदालत को सूचित करे। मामले में सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल की बेटी की चिकित्सीय स्थिति के कारण देखभाल की जरूरत है और इस आधार पर जमानत मांगी गई थी।

# योगी सरकार मदरसों पर मेहरबान

## 8500 गैर रजिस्टर्ड मदरसों को मान्यता

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी सरकार सूबे के गैर रजिस्टर्ड साढ़े आठ हजार मदरसों को मान्यता देने का मन बना चुकी है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तेखार अहमद जावेद ने रविवार को कहा कि ऐसे मदरसे जो रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें फिर से मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जावेद ने यह बात निजी मदरसों की सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद कही है। राज्य सरकार की इजाजत मिलने के बाद 8500 गैर रजिस्टर्ड मदरसों को मान्यता देने का प्रॉसेस शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, जो लोग मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करना चाहते हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में लगभग 25,000 मदरसे चल रहे हैं। उनमें केवल 560 को ही सरकार से अनुदान मिलता है। मान्यता मिलने से मदरसों के साथ-साथ छात्रों को फायदा होगा। मदरसा बोर्ड की डिग्री मिलेगी। डिग्री को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। शिक्षक संघ मदारिस अरबिया के महासचिव दीवान साहब जमान खान ने कहा कि 2017 में मदरसा शिक्षा बोर्ड को भंग कर दिया गया था,तबसे समिति ने काम किया है। मदरसों का मान्यता देने का काम लंबे समय से रूका है। नए मदरसों को मान्यता देने का काम रूका था। मदरसा सर्वे रिपोर्ट

●जो लोग मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करना चाहते हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकेंगे

●उत्तर प्रदेश में लगभग 25,000 मदरसे चल रहे हैं

● मान्यता मिलने से मदरसों के साथ-साथ छात्रों को फायदा होगा, मदरसा बोर्ड की डिग्री मिलेगी

को देखते हुए राज्य सरकार और क्या कदम उठाएगी इस पर चर्चा के लिए जल्द बैठक हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि डिटेल फील्ड वर्क के बाद जिलों द्वारा जिलाधिकारियों के माध्यम से सरकार को यह रिपोर्ट सौंपी गई है।

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मदरसों के सर्वेक्षण के बाद सरकार क्या कदम उठाएगी, इस पर चर्चा के लिए विभाग की बैठक दिसंबर के अंत तक होगी। जो भी फैसला लिया जाएगा, वह मदरसों के हित में होगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 सितंबर से 15 नवंबर तक निजी मदरसों में छात्रों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, उन्हें पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम, मदरसों की आय के स्रोत सहित अन्य जानकारी हासिल करने के लिए एक सर्वे कराया गया था।



सर्वे के मुताबिक उत्तर प्रदेश में बिना मान्यता के 8,500 मदरसे चलाए जा रहे हैं। मदरसों के बजट आवंटन पर बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि सर्वे में शामिल सभी प्रतिष्ठानों ने जकात यानि धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए इस्लामी कानूनों के तहत किया गया भुगतान और दान को अपनी आय का स्रोत घोषित किया है। सर्वे का मकसद वहां मूलभूत सुविधाओं की स्थिति जानना और जरूरत पड़ने पर सुधार करना था। मंत्री का कहना है कि मदरसों के लिए टीईटी का कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया जा रहा है। मदरसों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को पढ़ाने की जरूरत को देखते हुए, इन संस्थानों में शिक्षक भर्ती के लिए बुनियादी स्कूलों की तरह ही योग्यता प्रणाली की जरूरत महसूस की जा रही है। नए सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग 25,000 मदरसे चल रहे हैं। उनमें केवल 560 को ही सरकार से अनुदान मिलता है। सरकार का कहना है कि सर्वेक्षण इसलिए कराया गया, जिससे मदरसे कंप्यूटर और विज्ञान के ज्ञान को शामिल करके अपने पाठ्यक्रम को व्यापक बना सकें।


## अटल स्वास्थ्य मेला में पहुँचे सीएम सेवा ही सरकार है: योगी

**लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित अटल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में शामिल होने आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन में कहा कि सेवा ही सरकार है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। प्रदेश में करोड़ों का निवेश आएगा। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अटल आवास योजना से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए आगामी योजनाओं के बारे में भी बताया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलों में अटल की स्मृति में उनकी लिखी कविताओं का पाठ कियिा गया, उनके जीवन पर एक लघु नाटिका का मंचन किया गया।आगरा के बटेश्वर में अटल गीत गंगा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बलरामपुर में कवि सम्मेलन कियिा गया। अटल जी की स्मृति में शनिवार से योगी सरकार ने संकल्प अटल हर घर जल जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की। यह अभियान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रायबरेली से शुरू किया। इसमें ग्रामीणों को नल का कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कविताओं व पोखरण जैसे ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र किया गया था। युवाओं ने इसका अवलोकन किया। जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, इसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए प्रदर्शनी में आए युवाओं के लिए प्रेरणा और श्कदम मिलाकर चलना होगा। भावी पीढ़ी में आत्मविश्वास का भाव पैदा कर रहे थे। यहां वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में हुए पोखरण में तीन परमाणु परीक्षण का जिक्र भी था तो अटल जी के जीवन परिचय पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का वक्तव्य- वाजपेयी जी की जुबान में सरस्वती हैं, मैं क्या कर सकता हूं भी युवाओं ने पढ़ी।

# देश में कई फर्जी नैरेटिव गढ़े गए: मोदी

## वीर बाल दिवस हमें भारत की पहचान बताएगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम साहिबजादों की कुर्बानी को समर्पित है। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मैं अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि उसे आज 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के तौर पर घोषित करने का मौका मिला।पीएम ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें याद दिलाएगा कि दस गुरुओं का योगदान क्या है, देश के स्वाभिमान के लिए सिख परंपरा का बलिदान क्या है। वीर बाल दिवस हमें बताएगा कि- भारत क्या है, भारत की पहचान क्या है। पीएम मोदी ने भारत के इतिहास में वीरता और पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास से लेकर किंवदंतियों तक, हर क्रूर चेहरे के सामने



महानायकों और महानायिकाओं के भी एक से एक महान चरित्र रहे हैं। लेकिन ये भी सच है कि, चमकौर और सरहिंद के युद्ध में जो कुछ हुआ, वो 'भूतो न भविष्यति था।

पीएम मोगी ने मुगलकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक ओर धार्मिक कट्टरता में अंधी इतनी बड़ी मुगल सल्तनत, दूसरी ओर, ज्ञान और तपस्या में तपे हुए हमारे गुरु, भारत के प्राचीन मानवीय मूल्यों को जीने वाली परंपरा! एक ओर आतंक की पराकाष्ठा, तो दूसरी ओर आध्यात्म का शीर्ष! एक ओर मजहबी उन्माद, तो दूसरी ओर सबमें ईश्वर देखने वाली उदारता! इस सबके बीच, एक ओर लाखों की फौज, और दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर खड़े गुरु के वीर साहिबजादे! ये वीर साहिबजादे किसी धमकी से डरे नहीं, किसी के सामने झुके नहीं। मोदी ने कहा, ÷उस दौर की कल्पना करिए! औरंगजेब के आतंक के खिलाफ, भारत को बदलने के उसके मंसूबों के खिलाफ, गुरु गोविंद सिंह जी पहाड़ की तरह खड़े थे। लेकिन, जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब जैसे कम उम्र के बालकों से औरंगजेब और उसकी सल्तनत की क्या दुश्मनी हो सकती थी? दो निर्दोष बालकों को दीवार में जिंदा चुनवाने जैसी दरिंदगी क्यों की गई? वो इसलिए, क्योंकि औरंगजेब और उसके लोग गुरु गोविंद सिंह के बच्चों का धर्म तलवार के दम पर बदलना चाहते थे। लेकिन, भारत के वो बेटे, वो वीर बालक, मौत से भी नहीं घबराए।

# दीपनारायण यादव से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश यादव

## सरकार सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगा भेज रही जेल

**झांसी।** सोमवार को झांसी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तीन माह से जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव से जेल में तकरीबन आधे घंटे मुलाकात की। बाहर आकर उन्होंने भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने न्याय व्यवस्था खत्म कर दी है, इस सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सपा कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा जा रहा है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर भाजपा सरकार ने पूर्व विधायक दीप नारायण यादव को जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में फर्रुखाबाद में एक लाख से



अधिक बेरोजगारों ने अग्निवीर की परीक्षा दी थी, नौकरी सिर्फ 200 कोई मिल पाई है। सीमा पर चीन भारत में घुसता चला रहा है और बाजार भी उसके हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अभी मैनपुरी में मिली हार से उबर नहीं पाई है। बता दें कि कुख्यात लेखराज सिंह यादव को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश करने के आरोप में सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव पिछले तीन महीनों से जेल में बंद हैं। जेल में उनसे मिलने के लिए पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 22 दिसंबर को झांसी आने वाले थे, परंतु पुलिस लाइन के हैलीपेड पर हेलिकॉप्टर उतारने की अनुमति न मिलने की वजह से उनका दौरान रद्द हो गया था।

# भारत जोड़ो यात्रा के साथ यूपी में दोबारा सक्रिय होंगी प्रियंका गांधी

संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नए साल में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। प्रदेश में यह यात्रा तीन दिन तक चलेगी। इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी, जो राज्य के विधानसभा चुनावों में पार्टी की ऐतिहासिक पराजय के बाद प्रदेश आना लगभग छोड़ चुकी हैं। हालांकि, भारत जोड़ो यात्रा के जरिए प्रदेश की राजनीति में उनके दोबारा सक्रिय होने की बात कही जा रही है।

●राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नए साल में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी

पार्टी के नेताओं के अनुसार प्रियंका गांधी अब पूरी तरह से यूपी में पार्टी को मजबूत करने में जुटेंगी। यूपी में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनकी सक्रियता का पता सभी को चल जाएगा। प्रियंका की पीआर टीम के लोगों का तो यह दावा है कि राहुल गांधी अब दक्षिण में



और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर में कमान संभालेंगी और लखनऊ तथा दिल्ली में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति को ध्वस्त करने में जुटेंगी।

यूपी कांग्रेस के सीनियर नेता सलमान खुर्शीद से लेकर राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर और पार्टी प्रवक्ता संजय सिंह सभी का यही कहना है। इन नेताओं के अनुसार, यूपी के विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के प्रियंका गांधी ने योजनाबद्ध तरीके से हिमाचल प्रदेश पर ध्यान देना शुरू किया। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा पर अपना ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के बेहद करीबी पत्रकार हिसाम सिद्दीकी कहते हैं कि जब राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा दक्षिण भारत से शुरू की तो वह अनायास हुआ फैसला नहीं था, बल्कि बहुत सोच समझ कर किया गया था। पूरे दक्षिण भारत में राहुल की यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी कहीं भी शामिल नहीं हुई, लेकिन दक्षिण से निकलते ही वे मध्य प्रदेश में अपने पति व बेटे के साथ यात्रा में शामिल हुई। अब वह यूपी में राहुल के साथ यात्रा में शामिल हो रही हैं।

## गुजरात सीमा पर 300 करोड़ की ड्रग्स बरामद

### हथियार और गोला-बारूद समेत 11 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षक दल ने गुजरात एटीएस के खुफिया इनपुट के आधार पर अरब सागर में बड़ी कार्रवाई की है। भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एटीएस गुजरात द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर अरब सागर में भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र में एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया है। इस नाव में 10 चालक दल के सदस्यों के साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार- गोला-बारूद और 40 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया है। बल के अधिकारियों ने बताया कि विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर 25-26 दिसंबर की दरम्यानी रात के दौरान ऑपरेशन चलाया गया था। अपनी रणनीति के आधार पर भारतीय तट रक्षक बल ने पाकिस्तान के साथ लगने वाली अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास अपने जहाज अरिंजय को तैनात किया था।

## इन्वेस्टर समिट को लेकर संजय सिंह का सरकार पर हमला

### निवेश का नाम पर जनता का पैसा लूट रही सरकारः संजय

**लखनऊ।** आप सांसद संजय सिंह ने आज सोमवार को प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर योगी सरकार पर हमला बोलते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि इन्वेस्टमेंट समित करोड़ों अरबों का एक घोटाला है और योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश की जनता का पैसा इस इन्वेस्टर समित के नाम पर लूटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निवेश लाने के नाम पर इनके मंत्री विदेश दौरों पर जा रहे हैं। इन्होंने अमेरिका के विश्वविद्यालय के



साथ 35,000 करोड़ का एमओयू साइन किया। सोशल मीडिया पर प्रचार का एजेंडा चल पड़ा कि योगी आदित्यनाथ सरकार 35,000 करोड़ की नॉलेज सिटी खोलने जा रही है और इन्वेस्टमेंट के नाम पर अधिकारियों की करोड़ों की यात्रा हो गई।

## प्रदेश के विद्यार्थियों को उच्च स्तर का विश्वस्तरीय ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए प्रेरित किया

# विश्वविद्यालय विद्यार्थी और किसान हित में आपसी तालमेल से नवाचार बढ़ाए : आनंदीबेन पटेल

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को यहां राजभवन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान, मथुरा द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कृषि विश्वविद्यालयों में कार्यान्वयन विषय पर आयोजित भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ के 46वें वार्षिक कुलपति सम्मेलन को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुपालन में आपसी तालमेल के साथ

●राज्यपाल ने किसानों को जैविक खेती और मोटे अनाज के उत्पादन की जानकारी देने को कहा

नवाचार बढ़ाने पर जोर देते हुए विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों और किसानों के लिए हितकारी विभिन्न बिन्दुओं पर प्रोजेक्ट, शोध तथा आवश्यक निर्णयों को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की खाद्य टोकरी के रूप में विख्यात है और यहाँ



कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी आदि क्षेत्रों में बहुत सी सम्भावनाएं हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयों को इन क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे देशों से तकनीक और शिक्षा के आदान-प्रदान से जुड़ने और प्रदेश के विद्यार्थियों को उच्च स्तर का विश्वस्तरीय ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय स्तर से विद्यार्थियों और किसानों को जैविक खेती और मोटे अनाज के उत्पादन की जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि भूमि की सेहत और क्षमता को बचाना एक बड़ी चुनौती है, ऐसी स्थिति में हमें जैविक और गौ-आधारित खेती को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने मोटे अनाजों की विश्वस्तर पर बढ़ती मांग, इसके प्रयोग से स्वास्थगत फायदे और इसके उत्पादन में कम पानी की खपत की चर्चा करते हुए कहा कि इसकी खेती में यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती, इसलिए ये पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। इसी क्रम में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किए जाने का उल्लेख भी किया। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में कृषि की बदलती आवश्यकताओं की चर्चा करते हुए शिक्षा पद्धति में नयी शिक्षा नीति के अनुसार प्रभावी बदलाव लाने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के चार विश्वविद्यालयों में कृषि के साथ-साथ पशुपालन की शिक्षा भी दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि मंत्री शाही ने देवरिया में धान खरीद में और तेजी लाने का दिया निर्देश

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री. सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को यहां धान खरीद एवं उर्वरक तथा बीज की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में धान खरीद की गति को और तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री शाही ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। क्रय केंद्र पर किसानों को आने के लिए प्रेरित किया जाए। छोटे किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान खरीदा जाए। देवरिया जिले मे 92 धान क्रय केंद्रों द्वारा 8,044 किसानों से 3.45 लाख क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने धान खरीद की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्रय केंद्र की नियमित समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक दिन प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम 10 किसानों से धान खरीद अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरक एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उर्वरक का वितरण समुचित तरीके से किया जाये जिससे सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 773 बिक्री केंद्रों पर कुल 7,719 टन यूरिया उपलब्ध है। वर्तमान में पीसीएफ के गोदामों पर प्रीपोजिशनिंग यूरिया 880 टन उपलब्ध है। कृषि मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती उर्वरक दुकानों की विशेष निगरानी की जाए एवं संदिग्ध दुकानों पर छापेमारी की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

### सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज ने क्रिसमस कार्निवाल आयोजित किया'

**लखनऊ।** सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज ने डालीगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ में अपनी विशेष प्री प्राइमरी शाखा का उद्घाटन किया और क्रिसमस कार्निवल भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने परिसर का उद्घाटन किया। श्री आलोक रंजन ने एनईपी 2020 की व्याख्या की है जो बच्चों के समग्र विकास पर जोर देती है। उन्होंने स्कूल के सेटअप और शिक्षाशास्त्र की भी सराहना की है। बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, टैटू मेकिंग, सेल्फी कॉर्नर, फन गेम्स, केक बेकिंग, लाइव पॉटरी, लाइव म्यूजिक आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांता था जिसने अपनी उपस्थिति से बच्चों के साथ-साथ माता-पिता का भी मनोरंजन किया। नए परिसर के बारे में बात करते हुए, स्कूल के प्रबंधक, शाहब हैदर ने कहा, ÷इस नए परिसर की अवधारणा और डिजाइन करने में बहुत विचार-मंथन किया गया है। हमारा प्रयास खेल के माध्यम से समग्र विकास का समर्थन करना, अच्छे मूल्यों को बढ़ावा देना, बच्चे की व्यक्तिगत जरूरतों की पहचान करना है। स्कूल का प्राथमिक लक्ष्य जीवन में बच्चे को एक अच्छा इंसान बनाना है। कक्षाओं को उपयुक्त रूप से रंगीन चित्रों और शिक्षण सहायक सामग्री से सजाया गया था जो छोटे बच्चों के जिज्ञासु मन को उत्तेजित करेगा। स्कूल छात्रों और उनके माता-पिता के साथ मिलकर काम करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे स्कूली जीवन का अधिकतम लाभ उठा सकें।

### तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे पुष्प कमल दहल प्रचंड, योगी ने ट्वीट कर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल के 44 वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के लिए पुष्प कमल दहल प्रचंड को हार्दिक बधाई और शुभकामना देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके यशस्वी नेतृत्व में भारत व नेपाल के राजनीतिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता आएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ट्वीट किया, श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड जी को नेपाल के प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। निःसंदेह, आपके यशस्वी नेतृत्व में भारत व नेपाल के राजनीतिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता आएगी। निःसंदेह, आपके यशस्वी नेतृत्व में भारत व नेपाल के राजनीतिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता आएगी। जय पशुपतिनाथ! गौरतलब है कि प्रचंड (68) ने आश्चर्यजनक रूप से देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले 5 दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होकर रविवार को राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित समय सीमा समाप्त होने से पहले सरकार गठन का दावा पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड सोमवार को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### निदेशालय ने की आयुष काउंसलिंग की समय सारणी तैयार, घोषणा के लिए आज होगी बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली काउंसलिंग की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए निदेशालय की ओर से समय सारणी भी तैयार हो गई है। इस समय सारणी की जल्द घोषणा कर दी जाएगी। जिसके बाद आयुष कॉलेजों में काउंसलिंग की जाएगी। बता दें कि प्रदेश में स्थित राजकीय एवं निजी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेजों में दाखिले के लिए अभी तक एजेंसी के जरिए काउंसिलिंग होती रही है, लेकिन वर्ष 2022 की काउंसिलिंग में हुई मनमानी के बाद व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब काउंसिलिंग का कार्य एजेंसी के जरिए कराने के बजाय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के जरिए कराने का फैसला किया गया है। एमबीबीएस-बीडीएस की दो राउंड की काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। मॉप-अप राउंड शुरू हो गया है। ऐसे में अब आयुष की काउंसिलिंग को लेकर तीनों निदेशकों की कमेटी ने प्रस्तावित समय सारणी तैयार कर ली है। इसमें जनवरी के पहले सप्ताह से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके बाद निदेशालय की ओर से समय सारणी भी तैयार कर ली गई है। अब मंगलवार को इसे अंतिम रूप देने के लिए बैठक होगी और इस बैठक के बाद काउंसलिंग की तिथि की घोषणा की जाएगी।

### गोरख ठाकुर हत्याकांड में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार, पहली पत्नी प्रियंका की तलाश में दबिश

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने रेलवे ठेकेदार गोरख ठाकुर की हत्या मामले में 50 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने बिहार के शार्प शूटर फिरदौर के साथ बिहार पुलिस की वर्दी पहनकर हत्या को अंजाम दिया था। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि रेलवे ठेकेदार गोरख ठाकुर की हत्या मामले में प्रकाश में आये बिहार बेतिया रामनगर निवासी हत्याआरोपी राजू उर्फतौहीद खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके ऊपर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर रविवार देर शाम गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। घटना की मास्टर माइंड गोरखठाकुर की पहली पत्नी प्रियंका की तलाश की जा रही है। उसके विषय में अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। लखनऊ में कैंट थाना क्षेत्र निवासी रेलवे ठेकेदार वीरेन्द्र उर्फगोरख ठाकुर की हत्या 25 जून 2022 को उसकी पहली पत्नी प्रियंका ने शूटर फिरदौस के साथ मिलकर कराई थी। इस मामले में मुठभेड़ के दौरान फिरदौस के साथी कासिफ मुन्ना और फैसल गिरफ्तार हो चुके हैं। जिसके बाद पुलिस ने बिट्टू गिरफ्तार किया था। पुलिस की लगातार दबिश के बाद फिरदौस 15 दिसम्बर को कोर्ट में हाजिर हो गया था। वीरेन्द्र की हत्या के बाद फरार होने के बाद उस पर 50 हजार इनाम घोषित किया गया था।

### जंगल है वन्य जीवों का घर उसमें न करें घुसपैठ

**बहराइच।** जिले में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से रमपुरवा पंचायत भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव के टिप्स देकर जागरूक किया गया। साथ ही जंगली जानवरों से सावधान रहने के लिए कहा गया। कार्यशाला में ग्रामीणों को कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि जिस प्रकार गांव में आपका घर है, ठीक उसी प्रकार जंगल वन्य जीवों का घर है। इसलिए जंगल के भीतरी भागों में शौच करने, लकड़ी बटोरने, मवेशी चराने मत जाएं। जंगल और अपने घर के बिल्कुल नजदीक तक गन्ना मत बोयें, क्योंकि वन्य जीव गन्ने के खेतों को जंगल समझकर उसमें शरण ले लेते हैं। इसलिए गन्ने के खेतों की ओर बच्चों को न जाने दें। सुबह और शाम को कहीं जाना हो तो अपने पास टॉर्च और डंडा अवश्य रखें। इस दौरान शिक्षक हरिकेश चौबे, वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट आफ इंडिया के संजय सिंह, ओम प्रकाश, अनिल मौर्या, सुखविंदर सिंह, बीडीसी सुरेश कुमार, मुकेश कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

## डार्कवेब पर डीलिंग कर दवा का काला कारोबार

●यूपी एसटीएफ ने चार डीलर को किया गिरफ्तार, बिटकॉइन से करते थे डीलिंग

● लखनऊ और आसपास के जिलों से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की सप्लाई करते थे

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफने डार्कवेब से भारत और इंटरनेशनल ग्राहकों का डाटा लेकर वर्चुअल मनी (बिटकॉइन) के माध्यम से नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों का काला कारोबार करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। गैंग खरीदार की डिमांड के हिसाब से लखनऊ और आसपास के जिलों से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की सप्लाई करते थे। इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां बरामद हुई है। एसटीएफ इनके सरगना की तलाश कर रही है। यूपी एसटीएफ ने सात सितंबर को नशीली दवा से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। उसी क्रम में रविवार को लखनऊ में पक्का पुल के पास से बस्ती सदर अस्पताल रोड निवासी फैजान खान, लखनऊ मदेयगंज रामलीला ग्राउंड निवासी तौफीक उर्फ सुफियान, लखनऊ जानकीपुरम निवासी अशरफ खान और अलीगंज बनारसी टोला निवासी सार्थक वर्मा को गिरफ्तार किया। एसटीएफटीम ऑनलाइन खरीदारों से संपर्क करने वाले गैंग के सक्रिय सदस्य सुमित शर्मा की तलाश कर रही है। एसटीएफ की पूछताछ में फैजान ने बताया कि यह लोगों का प्रतिबंधित दवाओं को बेचने का सोशल मीडिया के माध्यम से एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह चलाते हैं। कस्टमर का डाटा डार्क वेब के माध्यम से प्राप्त करते है, जिसका पूरा काम सुमित कुमार शर्मा देखता है। हम लोग वॉट्सऐप कॉल के माध्यम से कस्टमर से बात करके उनकी डिमाण्ड पूछते है और उनकी डिमाण्ड के हिसाब से दवाई को मंगवाकर बिटकॉइन या पे-पाल के माध्यम से पैसा प्राप्त होने पर उन्हें कोरियर द्वारा दवा भेजवा देते है। एसटीएफ के मुताबिक इनके पास से टीम को प्रतिबंधित दवाओं की 1300 ग्राम नशीली गोलियां ट्रामा डोल के साथ छह मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड और दो बाइक बरामद हुई है। इससे पहले इस गैंग के पास से 30 इंटरनेशनल क्रेडिट कार्ड, 17 मोबाइल और 4 कारें भी बरामद हुई थी।

# बहन का मर्डर कर किचन में दफनाया, अफेयर नहीं हो रहा था बर्दाश्त

**सबूत मिटाने के लिए उसकी लाश को घर के किचन में दफन कर दीया**

●लखनऊ के सैरपुर में हुई इस सनसनीखेज वारदात की जानकारी पुलिस तक पहुंच ही गई

●कॉल करने वाले ने कहा, सर, एक मर्डर हुआ है

संवाददाता

**लखनऊ।** मुझे उसका लड़के से मिलना पसंद नहीं था। उसको प्यार नहीं करना चाहिए था। इसलिए मैंने उसके ही दुपट्टे से गला घोंट दिया। यह कबूलनामा है उस हत्यारोपी भाई का, जिसने अपनी ही बहन का कत्ल कर दिया। फिर सबूत मिटाने के लिए उसकी लाश को घर के किचन में दफन कर दी। कहा जा रहा है कि लड़की की किसी युवक से दोस्ती थी। इसको लेकर आए दिन घर में विवाद होता था। घटना वाले दिन लड़की उस लड़के से मिलने गई थी। वहां से लौटने के बाद भाई ने उसका कत्ल कर दिया। लखनऊ के सैरपुर में हुई इस सनसनीखेज वारदात की जानकारी पुलिस तक पहुंच ही गई। एक अनजान नंबर से आए कॉल में पुलिस को कत्ल, कातिल और वजह...सब कुछ बता दिया गया। यह भी कि लाश कहां छिपाई गई है? इसके बाद पुलिस ने भाई को अरेस्ट कर लिया। सैरपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार रात को पुलिस कंट्रोल रूम पर एक फोन आता है। कॉल करने वाले ने कहा, सर, एक मर्डर हुआ है। हमारे इलाके में सबको पता है। अगर आप आए, तो बॉडी रिकवर हो सकती है। कॉलर ने अपना नाम नहीं बताया। मगर, ऑनर किलिंग से जुड़ी जानकारी दे दी। इसके बाद एक पुलिस टीम सैरपुर के पलरी गांव पहुंची। यहां हिमांशु घर में ही मौजूद था। वह पुलिस को देखकर घबरा गया। हमने पूछा कि बहन कहां है, तो



बोला कि दोस्त के घर गई है। फिर सख्ती से पूछने पर बताया कि रसोई की फर्श के नीचे उसकी लाश दबी हुई है। इसके बाद हत्यारोपी भाई हिमांशु को हिरासत में लिया गया। अब उससे पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर शव को बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। सबूतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ में हिमांशु ने बताया, शिवानी अपनी मनमानी करती थी। टोकने पर विवाद करती थी। ऊपर से मेरे आने-जाने और शराब को लेकर मारपीट पर उतारू हो जाती थी। शनिवार शाम को घर पर शराब पीकर आने पर विवाद हुआ। इसके बाद मैंने दुपट्टे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। डीसीपी उत्तीरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि शिवानी के मां-बाप की मौत होने और रिश्तेदारों के न आने पर पुलिस मुकदमे की वादी बनी है। हत्या के पीछे नशेबाजी के विरोध की बात सामने आई है। अन्य बिंदुओं पर भी पड़ताल की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, हिमांशु के माता-पिता की 5 साल पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद दोनों भाई-बहन घर में रहते थे। गांव में चर्चा है कि उसकी बहन की किसी युवक से दोस्ती थी। इसको लेकर आए दिन घर में विवाद होता था। घटना वाले दिन शिवानी उससे मिलने गई थी। वहां से लौटने के बाद हिमांशु ने घटना को अंजाम दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## आदर्श व्यापार मंडल ने राष्ट्रीय व्यापार नीति लाने की डीपीआईआईटी की पहल का स्वागत किया

●निश्चित रूप से भारत के खुदरा व्यापार में काफी बढ़ोतरी होगी

संवाददाता

**लखनऊ।** डीपीआईआईटी द्वारा नेशनल ट्रेड पालिसी के ड्राफ्ट को विभिन्न मंत्रालयों को भेजे जाने के कदम का उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत किया है। इससे निश्चित रूप से भारत के खुदरा व्यापार में काफी बढ़ोतरी होगी। कैट एक लंबे समय से इस मांग को जोरदार तरीके से हर फोरम पर उठाता रहा है। कैट के उत्तर प्रदेश के प्रदेश चेयरमैन संजय गुप्ता ने एक बयान में कहा की इस पॉलिसी में एक विशिष्ट प्रावधान होना चाहिए। जिसके अंतर्गत केवल रिटेल व्यापार के केवल बीस प्रतिशत तक के हिस्से को ही ऑनलाइन द्वारा बेचे जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की इस पॉलिसी को लागू करने से पहले व्यापारियों को विश्वास में लिया जाना बेहद जरूरी है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि भारतीय रिटेल बाजार सालाना सौ करोड़ रुपये का है। जो हर साल दस प्रतिशत से बढ़ता है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में अर्थव्यवस्था के सभी वर्गों के लिए मंत्रालय भी है। पालिसी भी किन्तु विशालकाय भारतीय रिटेल व्यापार के लिए न कोई मंत्रालय है एवं न कोई पालिसी इसलिए राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति देश की अर्थव्यवस्था और व्यापार के लिए एक बूस्टर साबित होगी। संजय गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स



नीति और ई-कॉमर्स व्यापार के लिए नियमों के अभाव में नेशनल ट्रेड पालिसी एक अधूरी कवायद साबित होगी जो केवल आंशिक रूप से लाभकारी होगी। रिटेल व्यापार में चार वर्ग -कॉरपोरेट रिटेल, गैर-कॉरपोरेट रिटेल, ई-कॉमर्स और डायरेक्ट सेलिंग हैं। इसलिए एक सशक्त एवं सभी मायनों में पूर्ण नेशनल रिटेल ट्रेड पालिसी लागू होनी चाहिए। जिसके अंतर्गत सभी चारों वर्ग आपसी सहभागिता के साथ काम कर सकें और एक-दूसरे के व्यापार को हानि न पहुंचाएं। कैट ने पूर्व में नेशनल ट्रेड पॉलिसी में शामिल करने के लिए डीपीआईआईटी को कुछ सुझाव भेजे थे जिसमें भारत में रिटेल व्यापार करने के लिए परिभाषित मापदंड रखने का सुझाव दिया गया था।

## यदुकुल पुनर्जागरण मिशन ने नियुक्त किए, पदाधिकारी

संवाददाता

**लखनऊ।** यदुकुल पुनर्जागरण मिशन द्वारा हजरतगंज डिस्ट्रिक्ट गोमती होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के पदाधिकारियों को चुना गया। शिवपाल सिंह यादव पूर्व मंत्री अखिल भारतीय कमेटी का संरक्षक बनाया गया हैं। वहीं डीपी यादव पूर्व मंत्री व सांसद को अखिल भारतीय कमेटी के अध्यक्ष, विश्वात्मा जाने-माने राजनीतिक चिंतक लेखक को संयोजक व प्रवक्ता, शिवाकांत गोरखपुरी को महासचिव, रामपाल यादव पूर्व विधायक सीतापुर को अखिल भारतीय कमेटी कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों में रामकुमार यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष वोटरशिप अधिकार प्रकोष्ठ, ओम प्रकाश यादव पूर्व मंत्री प्रदेश महासचिव जनगणना प्रकोष्ठ, सुभाष यादव प्रदेश सचिव, श्याम किशोर यादव पूर्व विधायक को प्रदेश अध्यक्ष जातीय जनगणना प्रकोष्ठ, हरिओम यादव पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष संस्कृत रक्षक मोर्चा, नरेंद्र सिंह यादव पूर्व विधायक को प्रदेश अध्यक्ष समन्वय प्रकोष्ठ, शिशुपाल सिंह यादव पूर्व विधायक को प्रदेश अध्यक्ष दक्षिण एशिया यूनियन प्रकोष्ठ, विजय सिंह यादव पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष एमएसपी प्रकोष्ठ, रमेश कुमार यादव पूर्व न्यायाधीश प्रदेश अध्यक्ष मानव अधिकार प्रकोष्ठ, रामनिवास यादव एडवोकेट को प्रदेश महासचिव मानव अधिकार प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है।

## क्रिसमस पाटी में लगे जय श्रीराम के नारे, दो पक्षों में विवाद के बाद चली बेल्ट

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के विभूतिखंड की समिट बिल्डिंग में क्रिसमस पार्टी में आए दो गुटों में मारपीट हो गई। जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्ष के लोग नशे में धुत थे। इस दौरान एक पक्ष ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। बवाल बढ़ता देखकर लड़कियों के साथ आए लड़के उन्हें लेकर पार्टी से निकल गए। इस दौरान वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी मूकदर्शक बने रहे। पार्टी इमारत की 13वीं मंजिल पर चल रही थी। किसी बात को लकर दोनों गुटों में विवाद हो गया। इस पर लड़कों ने बेल्ट निकाल



लिया और एक-दूसरे को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से हंगामा मच गया। समिट बिल्डिंग में पहले भी विवाद हो चुका है। बताया जा रहा है कि पहले बूम बॉक्स बिल्डिंग और फिर विंटेज मशीन के पास मारपीट हुई थी।

## विपक्ष को एक जुट करने में कांग्रेस, अखिलेश और मायावती को भेजा भारत जोड़ो यात्रा का निमंत्रण

●भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत के लिए सोमवार को निमंत्रण भेजा

●लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया

संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस ने आगामी तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश में दाखिल होने जा रही पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती समेत विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अशोक सिंह ने को बताया कि पार्टी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव, बसपा प्रमुख मायावती और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी को भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत के लिए सोमवार को निमंत्रण भेजा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव अतुल अंजान को भी यात्रा का न्योता दिया गया है। सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को भी निमंत्रण दिया गया है लेकिन उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर रविकांत को भी यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा आगामी तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी। उसके बाद वह बागपत और शामली होते हुए हरियाणा के लिए कूच करेगी। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा तीन दिनों तक उत्तर प्रदेश में ही रहेगी। यात्रा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ-साथ पार्टी महासचिव तथा दल की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा भी शामिल रहेंगी। यात्रा के प्रदेश समन्वयक पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने पिछले दिनों संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि भारत जोड़ो यात्रा किसी पार्टी की नहीं बल्कि पूरे देश की है और इसमें विभिन्न विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी की योजना के अनुसार सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा अगले 150 दिनों में देश के 12 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों से गुजर कर 3,570 किलोमीटर का सफर तय करेगी हालांकि यह यात्रा दिल्ली पहुंच चुकी है।

# हिन्दू महासभा रोहिंग्या और बंगलादेशियों को लेकर सख्त

प्रदेशभर में अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को लेकर आन्दोलन की घोषणा

संवाददाता

**लखनऊ।** रोहिंग्या और बंगलादेशियों के प्रदेशभर में सुरक्षित ठिकाना बने अवैध झुग्गी झोपड़ियों को हटाये जाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई ने आन्दोलन शुरू करने के साथ लक्ष्मण टीला को भी मुक्त कराये जाने को नय सिरे लड़ाई षुरू करने का निर्णय लिया है। यहां पार्टी के कुर्सी रोड स्थित कैम्प कार्यालय में हुयी प्रदेश कार्यसमिति एवं विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारियों की हुयी संयुक्त बैठक में इस आषय का निर्णय लिया है। हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुयी बैठक में आगामी निकाय चुनाव में भी प्रत्याशियों को उतारने का भी निर्णय लेते हुये सभी इकाईयों के अध्यक्षों से पार्टी प्रत्याशियों की सूची तैयार करने के निर्देष दिये गये। बैठक में मुख्य रूप में देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये खतरा बन रही अवैध झुग्गी झोपड़ियों और लक्ष्मण टीला का मुद्दा छाया रहा। जिस पर काफी मंथन करने के बाद हिन्दू महासभा ने बैठक में रोहिंग्या और बंगलादेशियों के लिये सुरक्षित ठिकाना बनी झुग्गी झोपड़ियों को हटाये जाने की मांग को लेकर सर्वप्रथम सभी जिला एवं नगर इकाईयां जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपेगी उसके बाद यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई काररवाई नहीं होती है तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आन्दोलन करने के लिये बाध्य होगी। इसके अलावा बैठक में लक्ष्मण टीला को लेकर मुक्त कराये जाने को लेकर पूर्व में हुये कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये इसकी लड़ाई पुरजोर के साथ लड़ने का फैसला लिया गया है। इसके लिये पार्टी ने दो अलग-अलग समितियों के गठन का निर्णय लिया है, जिसमें कानूनी मामलों को देखेगी और वहीं दूसरी समिति सड़कों पर होने पर आन्दोलनों की रूपरेखा तय करेगी। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों को प्रदेष अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर कमर कसने की सलाह देते हुये निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रों से निकाय चुनाव लड़ने वालों के नामों की सूची तैयार कर प्रदेश कार्यालय में उपलब्ध कराये। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सौरभ सिंह किसान प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बदायूं, पूर्व प्रदेश संयोजक पंकज तिवारी, प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थ दुबे, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंकेश सिंह चौहान, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल, विधिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष बबिता यादव, युवक प्रदेश अध्यक्ष गौरव शुक्ला, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनुपम मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, प्रदेश मंत्री सविता पांडे, प्रदेश प्रचार मंत्री सुनील कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी अवनीश मिश्रा, लखनऊ मंडल अध्यक्ष विजय उपाध्याय, लखनऊ जिला अध्यक्ष नीरज शुक्ला, लखनऊ महिला महामंत्री पद्मिनी सिंह एवं सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी ने कोरोना काल में जान गवाने वाले दो पत्रकारों के परिजनों को दी 10-10 लाख की आर्थिक सहायता

●मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि बहुत ही छोटी है

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर कोरोना काल में जान गवाने वाले पत्रकारों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। श्री योगी ने जौनपुर के दो गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार बच्चू लाल विश्वकर्मा और मोहम्मद इकबाल के परिजन को 10-10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि बहुत ही छोटी है, लेकिन शासन संकट के समय उनके साथ है वे अकेले नहीं है। शासन - प्रशासन दिवंगत पत्रकार बन्धुओं के परिवार के साथ हैं। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दिवंगत पत्रकारों के परिजनों के मुलाकात करते हुए आश्वासन दिया है कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो अवश्य अवगत कराएं।

उन्होंने जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय को निर्देशित किया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अन्य




योजनाओं का परिजनों से आवेदन कराए और पात्र होने की दशा में उनको योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। इस अवसर पर दोनों पत्रकारों के परिवारजनों ने उपलब्ध कराई गई सहायता राशि के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, जिला सूचना अधिकारी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### एएमयू शिक्षक प्रो अबसार 'रोज लाइफसाइंस इनोवेशन अवार्ड' के लिए चयनित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इंटरडिसिप्लिनरी नैनोटेक्नोलॉजी सेंटर के प्रोफेसर अबसार अहमद को नैनोसाइंस और इसके बहुआयामी अनुप्रयोगों में उनकी सेवाओं के लिए 'रोज लाइफ साइंस इनोवेशन अवार्ड-2022' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। पुणे में रोज लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में उन्हें पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्वर्ण पदक और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रोफेसर अबसार को पहले भारत सरकार द्वारा टाटा इनोवेशन फेलोशिप, वासविक इंडस्ट्रीज अवार्ड, मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया अवार्ड, सीएसआईआर नेशनल केमिकल लेबोरेटरी साइंटिस्ट आफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिसमस पर्व पर समिट बिल्डिंग में फिर एक बार मारपीट, लगे जय श्रीराम के नारे

**लखनऊ।** क्रिसमस पर्व पर समिट बिल्डिंग में फिर मारपीट, ईसाई धर्म के त्योहार में लगे जय श्रीराम के नारे, मारपीट तांडव होने के बाद लगे जय श्रीराम के नारे, 13 जी फ्लोर पर फिर एक बार हुआ तांडव, मारपीट, 13जी फ्लोर के बाद फ्लोर पर भी हुई मारपीट, कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, परोसी जाती है शराब, बूम बॉक्स में रईसजादों के लिए परोसी जाती है शराब, गोमती नगर में विभूति खंड थाना क्षेत्र का मामला।

### बलवा, मारपीट व गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** नगर बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम दामोदरपुर में मारपीट के दौरान घायल की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त बल्ली का टुकड़ा व लाठी आदि भी पुलिस ने बरामद कर ली है। जानकारी के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के ग्राम दामोदरपुर (कटरूआवीर सिंह) में जमीन के विवाद में रविवार को दो पक्षों मे जमकर लाठी-डंडे चले थे। इसमें एक पक्ष के प्रहलाद यादव को गंभीर चोटें आई थीं। उनकी गोरखपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने प्रहलाद के बेटे धर्म कुमार यादव की तहरीर पर मारपीट, गैर इरादतन हत्या, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में शेषनाथ यादव, गंगाराम यादव, राम विलास यादव, प्रदुम्न यादव व अभिमन्यु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल दो लोग नगर थाना क्षेत्र के अरबापुर मोड़ पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जहां रामविलास यादव व अभिमन्यु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि घटना में शामिल तीन आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आला कत्ल बांस की बल्ली के दो टुकड़े, दो लाठी आदि बरामद कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

### अनुपस्थित चिकित्सक का उपस्थिति पंजिका में मिला हस्ताक्षर

**बस्ती।** सीएम आरोग्य मेला की स्थिति जांचने सोमवार को सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र जगदीशपुर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने दस मरीज देखे थे। सीएमओ ने उपस्थिति पंजिका जांची तो पता चला कि पीएचसी पर तैनात कई माह से अनुपस्थित चल रहे चिकित्सक डॉ. श्याम कृष्ण वैश्य का हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका पर बनाए जा रहे हैं।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए सीएमओ ने दो एसीएमओ की कमेटी गठित कर दी है। कमेटी पंद्रह दिन में रिपोर्ट देगी। सीएमओ की जांच में पाया गया कि चिकित्सालय में बने आवास में कोई कर्मचारी निवास नहीं कर रहा है, जिससे भवन की स्थिति जर्जर हो गई। इसके अलावा ओपीडी पर्ची पर क्रमांक नहीं अंकित था। चिकित्सालय पर प्रसव केंद्र भी है, जहां मंजू वर्मा की तैनाती है। उन्होंने मात्र दो प्रसव कराए गए हैं। लैब सहायक प्रभात कुमार वर्मा ने चार जांच की थी। सभी कक्षों के बाहर संबंधित विभाग का नाम लिखने के लिए सीएमओ ने निर्देश दिए हैं। यहां से निकलने के बाद सीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर का औचक निरीक्षण किया। चिकित्सलय इमरजेंसी ड्यूटी पर मात्र डार्करूम सहायक उपस्थित थे। चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ वार्ड ब्वाय ड्यूटी से गायब मिले। सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं थी। सीएमओ ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अंकुर वर्मा, फार्मासिस्ट मनोज कुमार वर्मा वार्ड ब्वॉय एवं स्वीपर का वेतन अगले आदेश तक के लिए रोक दिया है।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बस्ती।** जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव में सोमवार को एक युवक ने आम के बाग में पेड़ से फंद्मा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस, घटना की वजह का पता लगाने में जुटी है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार दोपहर में सूचना मिली कि भेड़िया गांव के बगल में स्थित बाग में एक युवक फंदे से लटका हुआ है। टीम के साथ मौके पर पहुंच कर लटके हुए युवक को उतरवाया गया। युवक की मौत हो चुकी थी। लोगों से पूछताछ से पता चला कि उसका नाम श्याम उर्फश्यामचंद उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी भेड़िया थाना कलवारी है। श्याम, थवई का काम करता था। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य संकलित किया। पिता रामअचल ने बताया कि चार बेटों में श्याम तीसरे नंबर का था। उसकी शादी फरवरी में होने वाली थी। परिवार के सभी बेटे बाहर रहते हैं।

### सामाजिक संस्था चित्रांश क्लब का 26वां स्थापना दिवस

**बस्ती।** जिले के ब्लॉक रोड स्थित एक होटल के सभागार में सोमवार को सामाजिक संस्था चित्रांश क्लब का 26वां स्थापना दिवस संकल्पों के साथ मनाया गया। सर्व सम्मत से वर्ष 2022-23 के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें डॉ. कृष्ण कुमार प्रजापति जिलाध्यक्ष और अर्चना श्रीवास्तव को महिला विंग का अध्यक्ष घोषित किया गया। पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्र, गोपेश्वर त्रिपाठी, अंकुर वर्मा आदि ने चित्रांश क्लब के सामाजिक सरोकारों, गतिविधियों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुंआनों को प्रदूषण मुक्त कराने की दिशा में पहल, कुंआनो आरती, तिरंगा यात्रा, मतदाता जागरूकता अभियान सहित अनेक रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं, जो सराहनीय है।

क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त, दिनेश श्रीवास्तव 'मास्टर साहब, रामकमल सिंह, अशोक श्रीवास्तव, जी रहमान आदि ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य करने वाले अजय कुमार श्रीवास्तव, शेष नारायण गुप्ता, अविनाश श्रीवास्तव आदि को अंग वस्त्र, प्रमाण-पत्र और शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीलम सिंह, पं. सरोज मिश्र, अमृतपाल सिंह 'सनम', रामानन्द 'नन्हें' प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, भक्ति नारायण लाल श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे। नपा चेयर परसन रूपम श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रांश क्लब ने सामाजिक सरोकारों से जुडी गतिविधियों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। कुआनों को प्रदूषण मुक्ष्त कराने, गरीबों, जरूरतमंदों की सहायता, बालिकाओं को पठन पाठन सामाग्री उपलब्ध कराने सहित अनेक ऐसे कार्य है, जो उसकी विशेष पहचान है। क्ष्लब अपने उद्देश्ष्यों पर खरा उतरे, उसकी निरंतरता बनी रहे यहीं शुभकामना है।

### लोक लेखा समिति की बैठक का स्पीकर ने किया उदघाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति की आज पहली बैठक हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज लोक लेखा समिति वर्ष 2022-23 की बैठक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समिति के नवनिर्वाचित सभापति महबूब अली ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। वही इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सार्वजनिक उपक्रम संयुक्त समिति की बैठक में भी शिरकत की। उन्होंने आज सार्वजनिक उपक्रम संयुक्त समिति वर्ष 2022-23 की प्रथम बैठक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समिति के सभापति मनीष असीजा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि हमे पूर्व विश्वास है कि ये समितियां अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन कर मिशाल बनेंगी।

### कवि संगम एवं लोकार्पण समारोह में अटल जी याद किए गये

**लखनऊ।** श्री राम लीला समिति ऐशबाग तुलसी शोध संस्थान उ.प्र. एवं लक्ष्य साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कवि संगम एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन तुलसी सभागार श्री राम लीला समिति ऐशबाग में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मधुकर अस्थाना, विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेन्द्र विक्रम और पं आदित्य द्विवेदी ने कन्हैया लाल द्वारा लिखित दो पुस्तक आत्मा विज्ञान एवं आभावों के रेत में जो सुमन खिलता है का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता केवल प्रसाद सत्यम ने कहा कि आत्मा विज्ञान पुस्तक कठोपनिषद का हिन्दी में सवैया छंद मे अनुवाद है। इसके अलावा डॉ अशोक अज्ञानी ने पुस्तक आभावों के रेत में जो सुमन खिलता है पर चर्चा करते हुए कृति को गागर में सागर की संज्ञा दी। समारोह में उपस्थित कवियों और साहित्यकारों ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं साहित्यकार स्वरू अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# मायावती के धर्म परिवर्तन वाले बयान पर यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का जबरदस्त पलटवार

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और बीएसपी प्रमुख मायावती पर जोरदार जुबानी हमला बोला है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस देश में राहुल गांधी को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। धर्मांतरण के संबंध में बीएसपी की अध्यक्ष मायावती द्वारा किए गए ट्वीट के बारे में चौधरी ने कहा कि अब उन्होंने (मायावती) किस परिप्रेक्ष्य में यह बात कही है, यह तो पता नहीं, लेकिन धर्मांतरण के लिए हमारे देश में कानून है और कानून के अनुसार ही व्यवस्था आगे बढ़ेगी। इतना ही नहीं उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह 'अखंड भारत' की बात करते हैं तो उन्हें अपनी यात्रा बांग्लादेश और पाकिस्तान से करनी चाहिए थी। चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित 'सुशासन दिवस' कार्यक्रम में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी जिस भारत जोड़ने या तोड़ने की यात्रा कर रहे हैं, उस भारत का विभाजन 1947 के बाद तो कभी हुआ ही नहीं। भारत टूटने का काम उनके पड़दादा के समय हुआ था, जब पाकिस्तान बना और उसके बाद बांग्लादेश बनाया। जानने योग्य है कि मायावती ने रविवार को एक ट्वीट कर लिखा कि धर्म परिवर्तन को लेकर देश भर में बवाल मचाया जाना अनुचित और चिंतनीय है। जबरन हर



चीज बुरी होती है और बुरी नीयत से धर्म बदलना व बदलवाना दोनों ही गलत है। बसपा प्रमुख ने ट्वीट में कहा कि इस मुद्दे को सही परिप्रेक्ष्य में देखना व समझना जरूरी है। इसको लेकर की जा रही कट्टरवादी राजनीति से देश को लाभ कम, हानि ज्यादा होने की आशंका है। 'धर्म परिवर्तन' को लेकर देश भर में बवाल मचाया जाना अनुचित व चिन्तनीय। जबरन हर चीज बुरी होती है और बुरी नीयत से धर्म बदलना व बदलवाना दोनों ही गलत। अतः इस मुद्दे को सही परिप्रेक्ष्य में देखना व समझना जरूरी। इसको लेकर की जा रही कट्टरवादी राजनीति से देश को लाभ कम, हानि ज्यादा।

## स्मृति ईरानी से मिले अधिवक्ता, की अमेठी के डीएम को हटाने की मांग

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर रविवार को अमेठी पहुंची जहां अधिवक्ताओं ने उनसे मिलकर जिलाधिकारी को हटाने की मांग की। स्मृति ईरानी ने अपने निर्माणाधीन आवास पर मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी पर समाजवादी पार्टी के विधायक के इशारे पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने डीएम को तत्काल हटाने की मांग की। श्रीमती ईरानी भाजपा कार्यलय पहुंची जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्मृति ने पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया।इसके बाद उनका काफिला उनके निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा। वहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद उन्होंने आम लोगों के मन की बात भी सुना। अपनी समस्याओं को लेकर काफी तादात में लोग पहले से मौजूद थे। श्रीमती ईरानी ने लोगों की समस्यायों के निस्तारण का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं का समूह भी आ गया।

# गरीब बच्चो को शिक्षित करने के संकल्प के साथ द एमएसजी फाउंडेशन ने मनाई अटल जयंती और क्रिसमस डे

**मलिन बस्ती के बच्चों की शिक्षा के लिए एमएसजी फाउंडेशन द्वारा निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ**

संवाददाता

**लखनऊ।** गरीब बच्चो को शिक्षित करने के संकल्प के साथ द एमएसजी फाउंडेशन ने अटल जयंती और क्रिसमस डे के अवसर पर बादशाहनगर नगर स्थित डी आर वी इंटर कॉलेज, संजय गांधी पुरम की मलिन बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डा. राखी आनंद अग्रवाल (सखी वेलफेयर फाउंडेशन) और बतौर अतिथि मीसम रिजवी (समाज सेवी), अब्दुल वहीद (समाजसेवी,पत्रकार),सै. अली हुसैन, आरिफ मुकीम आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन आलम रिजवी द्वारा किया गया।मलिन बस्ती में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. राखी ने कहा कि आज हमें जरूरत है एक दूसरे के साथ कदम से

> ● डा. राखी आनंद अग्रवाल ने बच्चों के साथ केक काटकर किया अपनी खुशी का किया इजहार

कदम मिलाकर चलने की तभी हम एक बेहतर राष्ट्र और इन बच्चों का बेहतर भविष्य बना सकते हैं।इस मौके पर डा. राखी आनंद अग्रवाल ने बच्चों के साथ केक काटकर किया अपनी खुशी का इजहार किया।

क्रिसमस डे, एवं अटल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में एमएसजी फाउंडेशन द्वारा मलिन बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने के लिए निशुल्क कोचिंग का उद्घाटन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मीसम रिजवी ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर समाजसेवी और पत्रकार अब्दुल वहीद ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए उत्साहित किया।वहीं मोहम्मद सादिक ने बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किये और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने बच्चों से कहा आप देश का भविष्य हैं इस कारवां को आपको ही आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम का सभी ने खुले दिल से सराहना की और मोहम्मद सादिक से और ताकत के साथ समाज को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से बच्चों को केक खिलाने के साथ ही किताबें कॉपी ,पेंसिल रबर एवं दालमोट बिस्किट और फल भी वितरित किये गए। आज के इस कार्यक्रम में ट्रेंड्ज इंटीरियर का भी सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में समाज के तमाम प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इस आयोजन में सराहनीय कार्यो के लिए द एमएसजी फाउंडेशन के द्वारा ट्रेंड्ज इंटीरियर ओनर रजा हैदर (अंजल), मोनू हुसैन,आरिफ मुकीम को सम्मानित भी किया गया। एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से एमएसजी फाउंडेशन के अध्यक्ष आलम रिजवी, अतहर हुसैन, असद मुर्तजा, अली अब्बास, इमरान अली, साहिल मिर्जा मोहम्मद समद, इमरान, अराधना, मुस्कान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए द एमएसजी फाउंडेशन ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## पोते ने रिश्तें को किया कलंकित, दादी की कुल्हाड़ी मारकर की निर्मम हत्या, आरोपी फरार

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के करनपुर गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां पर नशेड़ी पोते ने दादी की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या की घटना से इलाके में आग की तरह फैल कई। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पड़ोसियों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक घटना निगोहां थाना क्षेत्र के करनपुर गांव की है। जहां पर पोता अपनी दादी से पेंशन के पैसे शराब पीने के लिए मांग रहा था। लेकिन दादी ने पैसे देने से इनकार कर दिया। जिससे नाराज पोते ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। बीच बचाव करने आए पिता पर

> ● करनपुर गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया

हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि करनपुर गांव के रहने वाले सुरेश कुमार अपनी मां शीतला देवी (68) के साथ गांव के बाहर सड़क किनारे मकान में रहते थे। सुरेश का बेटा अनीस रावत नशे का आदी था। जो आए दिन अपने माता-पिता व दादी से झगड़ा करता रहता था। घायलावस्था में पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सीएससी मोहनलालगंज भेजा जहां से दादी को ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मां और बेटे को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेटा घर आ गया। जबकि मां की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## भवानीगंज वार्ड में कम्बल वितरण का आयोजन

संवाददाता

**लखनऊ।** दिसम्बर माह में पड़ रही सर्दी को देखते हुए गरीब व जरूरतमंदों के लिये भवानीगंज वार्ड में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी भवानीगंज वार्ड के पूर्व पार्षद फातिमा ग्रुप के अध्यक्ष, इश्तियाक अली की अध्यक्षता में एक वृहद कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भवानीगंज और आस पास के गरीब व जरूरतमंद लोगों में एक हजार कम्बल वितरित किए गये। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक फैसल अली ने बताया की विगत 18 वर्षो से कम्बल विरतरण कार्यक्रम इसी प्रकार सुचारु रूप से दिसम्बबर माह में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में भवानीगंज वार्ड के समजवादी पार्टी के सम्भावित प्रत्याशी हज्जन सय्यदा हसनैन के पुत्र और समाजवादी पार्टी के निवर्तमान नगर सचिव हाजी सैफ हसनैन ने उपस्थित जनता को संभ्बोधित करते हुवे कहा कि हम सभी को अपने बच्चों की पढ़ाई पर ठीक से ध्यान देना चाहिये ताकि आने वाले समय में हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। साथ ही वे भी जरूरतमंदों की मदद कर सके। इस अवसर पर भवानीगंज वार्ड की समाजवादी पार्टी की भावी प्रत्याशी हज्जन सय्यदा हसनैन ने इश्तियाक अली का ह्रदय की गहराई से इस शुभ काम के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आपके द्वारा निरन्तर कई वर्षो से इस प्रकार के आयोजन समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ साथ युवाओं को समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते है।

# गन्ना पेराई चालू, मूल्य घोषित नहीं : रालोद

**सरकार कारपोरेट घरानों की कठपुतली, किसानों से कोई लेना देना नही**

संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी मंजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गन्ना का पेराई सत्र चालू है। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में 44 जनपद गन्ना बाहुल्य क्षेत्र है जहां का किसान मूल रूप से गन्ने पर ही निर्भर है। 119 चीनी मिल इस समय पेराई का कार्य कर रही है। गत वर्ष विधानसभा चुनाव होने के कारण वर्तमान सरकार ने 26 सितंबर को गन्ना मूल्य घोषित कर दिया था लेकिन इस वर्ष किसी भी प्रकार का चुनावी लाभ न मिलने के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार गन्ना किसानों का लगातार शोषण कर रही है और

> ●उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में 44 जनपद गन्ना बाहुल्य क्षेत्र है जहां का किसान मूल रूप से गन्ने पर ही निर्भर है

आज तक गन्ने का मूल्य घोषित नहीं किया गया है। ऐसी परिस्थिति में किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है। श्री सिंह ने कहा कि किसानों द्वारा निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 100000 पत्र भेजकर गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की जायेगी और उस पर भी



सरकार ने मूल्य घोषित न किया तो राष्ट्रीय लोकदल लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। आखिर क्या कारण है कि सरकार गन्ना मूल्य घोषित करने से घबरा रही है। सरकार कारपोरेट घरानों की कठपुतली हो गई है। वर्तमान सरकार का किसानों से कोई लेना-देना नहीं है। उत्पादन करने वाली इकाइयों को अपने उत्पाद का मूल्य घोषित करने का अधिकार होता है लेकिन आज तक किसान को इस अधिकार से वंचित रखा गया यदि यही निर्णय है कि किसान अपने उत्पाद का मूल्य घोषित नहीं कर सकता है सरकार ही घोषित करेगी तो फिर गन्ना का मूल्य घोषित करने से सरकार क्यों बच रही है? यदि सरकार ने गन्ना मूल्य शीघ्र घोषित न किया तो राष्ट्रीय लोकदल बड़ा आन्दोलन करेगा।

### स्पीकर ने दिलाई आकाश सक्सेना को विधानसभा की सदस्यता

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में रामपुर विधानसभा सीट से निर्वाचित बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने आज विधानसभा की सदस्यता ग्रहण की। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन क्षेत्र-37 रामपुर से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को विधानसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई।

## दरवाजा खोलने में हुई देर तो पति बन गया हैवान

**पीट-पीटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट**

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में एक पति अपनी ही पत्नी की जान का दुश्मन बन बैठा। कई माह बाद जब पति मुंबई से वापस आया तो उसकी पत्नी से दरवाजा खोलने में थोड़ी से देर हो गई। इसको लेकर पति नाराज हो गया और उसने इस घटना को अंजाम दिया। घटना जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चकमाधवपुर से सामने आई। कल रविवार देर रात करीब एक बजे पति ने कुदाल की बेंट से पीट-पीटकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की रहने वाली 35 वर्षीय उषा देवी का पति चंद्रदेव राजभर मुंबई में फर्नीचर का काम करता है। रविवार की रात को वह मुंबई से वापस आया था। पत्नी उषा से दरवाजा खोजने में देर हो गई। उषा सो रही थी और इसी के चलते वह दरवाजे पर लगाई गई आवाज सुन न पाई। नाराज होकर पति ने उसे कुदाल की बेंत से पीटना शुरू कर दिया। महिला चीखती रही लेकिन पति पर कोई असर नहीं हुआ। चीखते-चीखते उसकी सांस उखड़ गई। महिला की चीखे सुनकर ही पड़ोसी पहुंचे। इस नजारे को देखकर सन्न रह गए। जीयनपुर कोतवाली की पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वारदात का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## दबिश के बीच हिस्ट्रीशीटर की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा में हिस्ट्रीशीटर की पुलिस दबिश के दौरान मौत हो गई। एक सिपाही भी घायल हो गया।हिस्ट्रीशीटर के परिजनों के द्वारा आरोप लगाया गया कि मौत का कारण पुलिस की पिटाई है। पुलिस हार्टअटैक के बाद हिस्ट्रीशीटर की मौत की बात कह रही है। परिजनों और ग्रामीणों के हंगामे के मद्देनजर गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के रामनगर में लहबड़ी गांव के निवासी हिस्ट्रीशीटर सत्तार पुत्र टेनी की तलाश में पुलिस की टीम रविवार को 3 बजे उसके निवास पर पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि जब टीम ने घर के बाहर से आवाज लगाई तो हिस्ट्रीशीटर पीछे के रास्ते से भाग गया। पुलिस टीम ने जब उसका पीछा किया तो वह किसी चीज से टकराकर जमीन पर गिर गया।

**गोरखपुर-काठमांडू तक दौड़ेगी रोडवेज की बस**

# नए साल में सीएम दिखा सकते हैं हरी झंडी

**गोरखपुर।** कवायद के एक वर्ष बाद शहरवासी रोडवेज की बस से काठमांडू की सैर कर सकेंगे। परिवहन निगम ने गोरखपुर-काठमांडू बस सेवा को हरी झंडी दिखाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय मांगा है। उम्मींद है कि नए साल में इस बस सेवा की सौगात मिल जाएगी।

गोरखपुर-काठमांडू के बीच रासीनगर की एसी जनरथ बस चलाई जाएगी।



बस को हाइटेक सुविधा से लैस कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बस सेवा को हैंड ओवर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके लिए भारत और नेपाल सरकार की अनुमति पहले ही मिल चुकी है।

परिवहन निगम ने परमिट भी जारी कर दिया है। निगम के अनुसार, गोरखपुर-काठमांडू एसी बस सेवा सोनौली और बुटवल के रास्ते चलाई जाएगी। इस सड़क मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। मार्ग के नवनिर्माण के चलते बस सेवा शुरू नहीं हो पा रही थी। सेवा शुरू होने से गोरखपुर से काठमांडू की राह आसान हो जाएगी। ये बस सेवा यात्रियों को रेलवे बस स्टेशन से मिलेगी। गोरखपुर-काठमांडू बस सेवा के लिए बस स्टेशन परिसर में टिकट काउंटर आरक्षित हो गया है। मैनुअल और ऑनलाइन दोनों तरह के टिकट बुक होंगे। प्रति यात्री लगभग 1,100 रुपये किराया होगा। बस गोरखपुर से शाम चार बजे और काठमांडू से शाम पांच बजे रवाना होगी। बसों की सफाई-धुलाई और रखरखाव स्थानीय वर्कशॉप में ही होगी। गोरखपुर परिक्षेत्र परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक पीके तिवारी ने कहा कि गोरखपुर-काठमांडू एसी बस सेवा की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएम योगी आदित्यानाथ बस सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। नए साल में बस का संचालन किया जाएगा।

# सम्पादकीय

## समानता का समीकरण

संसद में इससे संबंधित एक निजी विधेयक पेश किया गया, जिसका विपक्षी दलों ने विरोध किया, मगर मत विभाजन के जरिए उस पर चर्चा की मंजूरी मिल गई। हालांकि निजी विधेयकों पर कानून बनने के उदाहरण बहुत कम हैं, मगर इसे लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि यह कानून की शक्ल ले सकता है। इसलिए कि समान नागरिक संहिता लागू करना खुद सरकार की वचनबद्धताओं में एक है। इसे लेकर पहले भी पहल हो चुकी है, मगर कुछ तकनीकी अड़चनों के चलते सहमति नहीं बन सकी। फिर, अभी जो निजी विधेयक पेश किया गया उसे सत्तापक्ष के ही एक सांसद ने सदन के पटल पर रखा। उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक जैसे कुछ भाजपा शासित राज्य पहले ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। यानी देश में इसे कानूनी रूप देने की जमीन पहले से तैयार है, उसमें इस विधेयक पर सदन में चर्चा का माहौल भी बन गया। इसलिए इसके सिरे चढ़ने की संभावना अधिक नजर आती है। दरअसल, समान नागरिक संहिता का मुद्दा भाजपा ने उठाया जरूर था, मगर इसकी जरूरत सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो मामले की सुनवाई के वक्त ही रेखांकित कर दी थी। शाहबानो ने तलाक के बाद अपने बच्चों के भरण-पोषण को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। तब अदालत ने सरकार से समान आचार संहिता बनाने को कहा था। मगर इसमें तकनीकी अड़चन यह आ रही थी कि ऐसा कानून लागू करने से अल्पसंख्यक समुदाय की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंच सकती है, जो कि असंवैधानिक कहा जा सकता है। असल में, मुसलिम समुदाय में शादी एक करार होती है, जिसे कोई भी एक पक्ष अपनी मर्जी से तोड़ने को स्वतंत्र है। बहुविवाह का चलन भी वहां स्वीकृत है। इस तरह विवाहिता पत्नी और उससे पैदा हुए बच्चों के भरण-पोषण, संपत्ति आदि का हक बाधित होता है। इसलिए खुद मुसलिम समाज की बहुत सारी महिलाएं समान आचार संहिता लागू करने की मांग करती रही हैं। फिर इसके पक्ष में तर्क यह भी दिया जाता है कि जब संविधान में धर्म और जाति से परे समान अधिकार की बात कही गई है, तो विवाह आदि के मामले में धार्मिक आस्था को क्यों महत्त्व दिया जाना चाहिए। तरक्की पसंद मुसलमान भी इस कानून के पक्ष में रहे हैं, मगर उनका कहना है कि इसे लागू करने से पहले तमाम संवेदनशील पहलुओं पर बारीकी से विचार कर लिया जाना चाहिए। जब केंद्र सरकार ने तीन तलाक को खत्म करने का फैसला किया, तब बड़ी तादाद में मुसलिम महिलाओं ने अपनी खुशी का खुला इजहार किया था।

## भूखे को भोजन

अव्वल तो हर नागरिक के पास कोई न कोई ऐसा काम होना चाहिए, जिससे वह खुद अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। मगर यह आदर्श स्थिति शायद किसी भी देश में नहीं है। इसलिए जो लोग खुद अपने भोजन का प्रबंध कर पाने में अक्षम हैं, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकारों पर आ जाती है। इसी दायित्व का निर्वाह करने के मकसद से भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया गया था। अब सरकार की सांविधानिक बाध्यता है कि वह किसी को भूखे पेट न सोने दे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर गरीब व्यक्ति को हर महीने पांच किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहा है। अत्यंत गरीब परिवारों को अंत्योदय योजना के तहत प्रति परिवार पैंतीस किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत चावल, गेहूं और मोटे अनाज के लिए क्रमशः तीन, दो और एक रुपए प्रति किलो पर भुगतान करना होता है, जबकि अंत्योदय योजना में अनाज मुफ्त दिया जाता है। कोरोना काल में केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत इन दोनों योजनाओं के अतिरिक्त पांच किलो अनाज मुफ्त उपलब्ध कराना शुरू किया था, जो सात चरणों में बढ़ते हुए इस महीने खत्म हो रही है। अब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को आगे न बढ़ा कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले अनाज के वितरण की अवधि एक साल और बढ़ा दी है। इस अनाज के लिए भुगतान नहीं करना पड़ेगा। यानी मुफ्त राशन उपलब्ध होगा। सरकार का कहना है कि करीब इक्यासी करोड़ तीस लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा और इस पर करीब दो लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसे सरकार वहन करेगी। निस्संदेह इससे गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल, कोरोना के बाद बंदी के चलते बहुत सारे लोग बेरोजगार हो गए और बहुतों का काम-धंधा बंद हो गया। ऐसे में बहुत तेजी से गरीबों की संख्या में वृद्धि हुई। उनके सामने दो वक्त के भोजन का संकट पैदा हो गया। उन्हें भोजन पहुंचाना सरकार का सांविधानिक कर्तव्य है। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि इस तरह इतनी बड़ी आबादी को सरकार कब तक मुफ्त राशन उपलब्ध कराती रह सकती है। जिस देश की आधे से अधिक आबादी मुफ्त के राशन पर निर्भर हो और दो तिहाई आबादी को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने की चुनौती हो, उसे लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। पिछले कई सालों से लगातार भारत विश्व भुखमरी सूचकांक में पायदान-दर-पायदान नीचे खिसक रहा है। अगले साल आबादी के पैमाने पर हम दुनिया का सबसे बड़ा देश बनने जा रहे हैं। इस तरह भोजन और पोषण संबंधी चुनौतियां उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही हैं। उत्पादन के मामले में भी पिछड़ रहे हैं।

# अमृत महोत्सव में मन की बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने साल के अंत में एक बार फिर लोगों से मन की बात की। जिसमें उन्होंने 2022 को अद्भुत साल बताते हुए कहा कि श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश् की भावना का विस्तार करने के लिए ये याद रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कोरोना से बचाव पर जोर दिया। नमामि गंगे अभियान को कैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, कैसे जी-20 की अध्यक्षता से भारत को गौरव हासिल हो रहा है, इन सबका जिक्र किया। किसी के मन की बात में क्या होना चाहिए, क्या नहीं, ये वही इंसान तय कर सकता है। लेकिन मन की बात हमेशा सही हो, ये भी नहीं होता। जैसे ये तो तथ्य है कि 2022 में आजादी को 75 साल पूरे हो गए। 2047 तक आजादी की शताब्दी भी पूरी हो जाएगी। 75 से लेकर सौ बरस तक के इस सफ़र में अब इस बात पर गौर करना होगा कि आजादी जिन मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य के साथ हासिल की गई थी, क्या मौजूदा सरकार में देश उन उद्देश्यों की प्राप्ति की ओर बढ़ पा रहा है। जब प्रधानमंत्री दावा कर रहे हैं कि देश दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है, तो उन्हें ये भी बताना चाहिए कि फ़िर देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार दो साल से मुफ्त अनाज देने की नौबत क्यों रही है और क्यों अगले एक साल तक फ़िर से मुफ्त अनाज देने का ऐलान किया गया है। क्या बड़ी अर्थव्यवस्था होने की शर्तों में आर्थिक गैरबराबरी जरूरी होती है। प्रधानमंत्री मन की बात में जब ये कह रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा, विदेश नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में भारत को नई ऊं चाइयों पर पहुंचाया। तो उन्हें ये भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे राजनैतिक कारणों से देश के अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम नहीं ले रहे हैं या वे सचमुच यही कहना चाहते हैं कि इस देश में सारी तरक्की 1996 से लेकर 2004 और फ़िर 2014 से लेकर 2022 तक हुई है, बाकी सरकारों के शासन में देश एक जगह थमा रहा। प्रधानमंत्री मोदी एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का विस्तार करने का श्रेय लोगों को दे रहे हैं। अगर ऐसा है, तो फ़िर वो कौन लोग हैं, जिन्हें एक प्रार्थना में हिंदू-मुस्लिम कोण दिख जाता है, जो एक अभिनेत्री की मौत को लव जिहाद से जोड़ रहे हैं, जो क्रिसमस के त्योहार का सरेआम विरोध कर रहे हैं, जो खुले में नमाज पढ़ने पर बवाल मचा रहे हैं। ये तमाम घटनाएं पिछले दो-तीन दिनों की ही हैं।

> **2022 को अद्भुत साल बताते हुए कहा कि श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश् की भावना का विस्तार करने के लिए ये याद रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कोरोना से बचाव पर जोर दिया। नमामि गंगे अभियान को कैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, कैसे जी-20 की अध्यक्षता से भारत को गौरव हासिल हो रहा है, इन सबका जिक्र किया। किसी के मन की बात में क्या होना चाहिए, क्या नहीं, ये वही इंसान तय कर सकता है। लेकिन मन की बात हमेशा सही हो, ये भी नहीं होता। जैसे ये तो तथ्य है कि 2022 में आजादी को 75 साल पूरे हो गए। 2047 तक आजादी की शताब्दी भी पूरी हो जाएगी। 75 से लेकर सौ बरस तक के इस सफ़र में अब इस बात पर गौर करना होगा कि आजादी जिन मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य के साथ हासिल की गई थी**

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के फ़रीदपुर के एक सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक या शिक्षामित्र बजरुद्दीन को हिंदू समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, इसके साथ ही उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बजरूद्दीन पर विहिप ने आरोप लगाया कि वे विद्यालय में प्रार्थना के दौरान छात्रों से मेरे अल्लाह बुराई से बचाना मुझको, नेक जो राह हो चलाना मुझको, लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी इसका गान करवा रहे थे। अल्लामा इकबाल की इस सुप्रसिद्ध नज्म को विहिप ने इस्लाम की ओर प्रेरित करने वाला समझा और यही इल्जाम शिक्षक पर मढ़ दिया। पुलिस ने भी इस पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। क्या यही भारत का अमृतकाल है, जब बुराई से बचने की दुआ करना जुर्म बन जाएगा। और ये ऐसा पहला मामला नहीं है। इसी उत्तर प्रदेश में 2019 में पीलीभीत के एक सरकारी विद्यालय में प्रधान अध्यापक के खिलाफ विहिप और बजरंग दल की इकाइयों ने इसी तरह की शिकायत दर्ज करवाई थी। संगठनों का आरोप था कि छात्रों को लब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी ही गाने के लिए कहा जा रहा है। तब भी प्रधान अध्यापक को निलंबित कर दिया गया था। एक प्रयोग जब सफ़ल हो जाता है, तो उसे दोहराने में झिझक नहीं होती। यही उत्तरप्रदेश के सरकारी स्कूलों में हो रहा है।

हालांकि इन स्कूलों में पेयजल, शौचालय, शिक्षकों की कमी, संसाधनों की कमी जैसी कई समस्याएं होंगी, लेकिन उनके खिलाफ कभी कोई धार्मिक संगठन उठ खड़ा हुआ हो, याद नहीं पड़ता। इन स्कूलों में जातिगत भेदभाव भी होता है। दलित छात्रों या शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार के प्रकरण सामने आए हैं, उन पर हिंदूवादी संगठनों के धर्म को खतरा नहीं हुआ।



मगर इकबाल की नज्म पर बात शिक्षकों की गिरफ्तारी तक जा पहुंचती है। दो साल पहले आईआईटी कानपुर में भारत-पाकिस्तान के बड़े शायर फैज अहमद फैज की मशहूर कविता हम देखेंगे के ऊपर जांच बैठा दी गई है। प्रशासन इस जांच के जरिए यह पता लगाना चाहता था कि क्या फैज की यह कविता हिंदू विरोधी है। जब ऐसी घटनाएं देश में हो रही थीं, तो सत्ता के शिखर से ऐसा कोई सख्त संदेश नहीं आया कि ये बातें आजादी के गौरव को धूमिल कर रही हैं। ये देश केवल हिंदुओं का नहीं है, यहां के हरेक नागरिक का है, इसलिए धर्म के आधार पर भेदभाव और नफ़रत का सिलसिला रोका जाए। जब सत्ता में खामोशी रही तो नफ़रत करने वालों के हौसले बढ़ते गए। अब आलम ये है कि मुंबई में एक 20 साल की अभिनेत्री तुनीशा शर्मा की आत्महत्या करने पर भाजपा नेता राम कदम इसे लव जिहाद के नजरिए से देखते हुए कह रहे हैं कि अगर ऐसा है तो पुलिस ये पता लगाएगी कि इसके पीछे कौन से संगठन काम कर रहे थे। जबकि पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर उसके सहकर्मी शीजान खान को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 15 दिन पहले दोनों का संबंध विच्छेद हो गया था और इस वजह से तुनीशा तनाव में थी। फ़िल्म और टीवी उद्योग में दो साथी कलाकारों के बीच इस तरह के संबंधों का होना कोई नयी बात नहीं है। लेकिन अब यहां भी लव जिहाद का विवाद घुसाया जा रहा है।

# अफगानिस्तान में महिलाओं के लिये विश्वविद्यालय के दरवाजे बंद

अफ़ग़ानिस्तान में महिलाओं के लिये विश्वविद्यालय के दरवाजे बंद करने की अंतर्राष्ट्रीय जगत में निंदा हो रही है। लेकिन इसके बावजूद तालिबानी शिक्षा मंत्री अपने फैसले के पक्ष में कुतर्क दे रहे हैं कि ये शिक्षा इस्लामिक सिद्धांतों का उल्लंघन करती है। इस फैसले से छात्राओं में घोर निराशा है। उन्हें लगता है कि उनके भविष्य का पुल तालिबान ने बारूद से उड़ा दिया है। बीते मंगलवार को की गई घोषणा पर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में तीखी प्रतिक्रिया आई है। बीते वर्ष अगस्त में जब तालिबान ने अफ़ग़ानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था तो दलील दी गई थी कि पिछले तालिबानी दौर के प्रतिबंधों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। लेकिन धीरे-धीरे लड़कियों की शिक्षा पर बंदिशें थोपी जाने लगी। बीते साल तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद ही छात्राओं के सेकंडरी स्कूल में दाखिला लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिरोध के कुछ स्वर उठे भी, कुछ महिलाएं व संगठन सड़कों पर भी उतरे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई। अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मान रहे हैं कि अफ़ग़ानिस्तान पुराने निष्ठुर तालिबानी दौर में लौट रहा है। तब भी छात्राओं की संस्थागत शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। दरअसल, तालिबान महिलाओं के मानव अधिकारों का लगातार अतिक्रमण कर रहा है। उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाने पर तुला है। संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि के अनुसार, तालिबान का यह कदम

> **लड़कियों की शिक्षा पर बंदिशें थोपी जाने लगी। बीते साल तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद ही छात्राओं के सेकंडरी स्कूल में दाखिला लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिरोध के कुछ स्वर उठे भी, कुछ महिलाएं व संगठन सड़कों पर भी उतरे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई। अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मान रहे हैं कि अफ़ग़ानिस्तान पुराने निष्ठुर तालिबानी दौर में लौट रहा है। तब भी छात्राओं की संस्थागत शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। दरअसल, तालिबान महिलाओं के मानव अधिकारों का लगातार अतिक्रमण कर रहा है। उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाने पर तुला है।**

महिलाओं को शिक्षा के समान अधिकार से वंचित करने का कुत्सित प्रयास है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि तालिबान का यह कदम उनकी सरकार की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता में बाधक बनेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक अफ़ग़ानिस्तान में महिला अधिकारों का सम्मान नहीं किया जायेगा, तब तक तालिबान



© AFP

सरकार को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी द्वारा मान्यता का प्रश्न ही नहीं उठता। यहां तक कि खुद को अफ़ग़ानिस्तान का हमदर्द बताने वाला पाकिस्तान भी तालिबान के इस कदम से परेशान है। निस्संदेह, 21वीं सदी के वैज्ञानिक व प्रगतिशीलता के दौर में महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित करना आदिम सोच का पोषण करना ही है। कोई भी राष्ट्र उसकी आधी आबादी को अधिकारों से वंचित करके विकास नहीं कर सकता। सुनहरे भविष्य के सपने देख रही अफ़ग़ानी लड़कियां इस फैसले से सदमे में हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि उन्होंने सब कुछ गवां दिया है। उनका मानना है कि कट्टरपंथी धर्म की अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या करके उनके हक मार रहे हैं। उनकी दलील है कि इस्लामिक विद्वानों ने कभी भी महिलाओं की शिक्षा पर रोक लगाने को धर्म से नहीं जोड़ा है। प्रतिबंध की यह व्याख्या तालिबानी नेता महिलाओं को पिंजरे में कैद करने के मकसद से कर रहे हैं। जबकि दूसरे इस्लामी देशों में महिलाओं को पढ़ाई के पर्याप्त अधिकार मिले हैं। यहां तक कि पाक हुक्मरान भी इस फैसले से खिन्न हैं और कहते हैं कि बातचीत के जरिये छात्राओं की विश्वविद्यालय में पढ़ाई का रास्ता खोला जा सकता है। दरअसल, यह तालिबान के उस वायदे की खिलाफ़त है जिसमें उन्होंने उदार शासन का भरोसा दिलाया था। वैसे तालिबान के विभिन्न गुटों के नेताओं के बीच टकराव के ये निष्कर्ष निकाले जा रहे थे कि देर-सवेर तालिबानी नेतृत्व महिला के अधिकारों को कुचलेगा। खासकर आधुनिक शिक्षा का विरोध, जो महिलाओं में चेतना लाती है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है। कट्टरपंथी विश्वविद्यालयों में उपयुक्त माहौल बनाने की दलील देते रहे हैं। हालांकि, इससे पहले मार्च में तालिबान ने छात्राओं के दसवीं तक के स्कूल खोलने का वायदा किया था। लेकिन ऐन मौके पर उन्होंने यू टर्न ले लिया था। तब से उनकी नीयत पर शक किया जा रहा था कि वे उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी को भी खत्म करेंगे। इससे पहले महिलाओं के पार्क, जिम में जाने तथा सार्वजनिक रूप से नहाने पर सख्ती से रोक लगा दी थी। वैसे भी तीन महीने पहले जब छात्राओं को वि.वि. की प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी तो इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, कृषि, वेटरनरी विज्ञान तथा पत्रकारिता आदि विषयों के आवेदन पर रोक लगा दी गई थी। जो तालिबानी सोच को बेनकाब करती है।

# आलेख — कोहरे और ठंड के सितम के बीच लुढ़कता पारा

कोहरे और ठंड के सितम के बीच लुढ़कता पारा चिंता बढ़ाने वाली बात है। यहां तक कि मौसम विभाग ने भी उत्तर भारत के कई इलाकों में मौसम के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। रविवार को सूरज कम ही नजर आया और कई जगह पारा न्यूनतम सीमाएं छूता रहा। रातें तो रक्त जमाने वाली हैं ही, दिन भी रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। साथ में घना कोहरा वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहा है। मौसम विभाग आज पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में वर्षा, बर्फ़बारी तथा पंजाब-हरियाणा में शीत लहर चलने की भविष्यवाणी कर रहा है। यूं तो मौसम का चक्र है, गर्मी के बाद बरसात और फ़िर सर्दी को आना होता है। यह हमारे जीवन चक्र का हिस्सा भी है। बर्फ़बारी से पहाड़ों पर संचित बर्फ फ़िर सदानीरा नदियों के माध्यम से ग्रीष्म ऋतु में जीवन बांटती हैं। लेकिन हमारे समाज की आर्थिक विसंगति मौसम के चरम को असहनीय बनाती है। ऐसे में शीत लहर से लोगों का मरना असमानता को दर्शाता है। हर साल जब सर्दी शबाब पर होती है कई लोगों के दम तोड़ने की खबरें आती हैं। खासकर बेघर लोगों पर सर्दी कहर बरपाती है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में सरकारों की लोक कल्याणकारी भूमिका को लेकर सवाल उठते रहे हैं। एक समय था कि राजा शीत ऋतु में प्रजा के दुख-दर्द जानने निकलते थे। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था होती थी। रैन बसेरों को बनाया जाता था। लेकिन ऐसी संवेदनशीलता लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ताधीशों में नजर नहीं आती।ऐसे में सवाल उठता है कि देश में

> रविवार को सूरज कम ही नजर आया और कई जगह पारा न्यूनतम सीमाएं छूता रहा। रातें तो रक्त जमाने वाली हैं ही, दिन भी रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। साथ में घना कोहरा वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहा है। मौसम विभाग आज पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में वर्षा, बर्फ़बारी तथा पंजाब-हरियाणा में शीत लहर चलने की भविष्यवाणी कर रहा है। यूं तो मौसम का चक्र है, गर्मी के बाद बरसात और फ़िर सर्दी को आना होता है। यह हमारे जीवन चक्र का हिस्सा भी है। बर्फ़बारी से पहाड़ों पर संचित बर्फफ़िर सदानीरा नदियों के माध्यम से ग्रीष्म ऋतु में जीवन बांटती हैं।

गर्मी में लू से, बरसात में बाढ़ से तथा सर्दी में शीतलहर से लोगों के मरने की खबरें क्यों आती हैं? निस्संदेह हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाते हैं। दरअसल, मौसम के इस चरम में मरने वाले एक ही वर्ग के लोग होते हैं, गरीब वर्ग के। इन्हें मौसम का चरम नहीं, गरीबी मारती है। जो हमारे समाज की संवेदनहीनता और आर्थिक असमानता की ओर इशारा करती है। दरअसल, समाज का हर व्यक्ति थोड़ा-थोड़ा योगदान दे तो मौसम के कहर और भूख से कोई न मरे। हमारे घरों में ऐसा बहुत सा सामान, कपड़े व गर्म वस्त्र होते हैं जो हम यदि किसी जरूरतमंद को दे दें तो कुछ जीवन जरूर बचाये जा सकते हैं। आधिकांशतरू कोई गरीब नहीं होना चाहता। जमीन से उखड़े और परिस्थितियों के मारे लोग ही गरीबी का दंश झेलते हैं। कुछ अपवाद भी होते हैं,लेकिन आमतौर पर मुसीबत के मारे ही रेलवे व बस स्टेशनों पर रात काटते नजर आते हैं। जिनके प्रति समाज का संवेदनशील व्यवहार अपेक्षित है। ताकि उनके जीवन के अधिकार की रक्षा हो सके। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें प्रशासन और स्थानीय निकाय के अधिकारियों को बाध्य करना चाहिए कि रैन बसेरों की व्यवस्था हो। गरीबों को कंबल व कपड़े स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बांटे जाएं। निश्चित रूप से मौसम का रौद्र रूप मनुष्य की परीक्षा लेता है। यदि हम उसका मुकाबला करने में वंचितों की मदद करें तो कुछ असमय काल-कवलित होने से बच सकते हैं।

## दैनिक राशिफल

**मेषः–** कोई महत्वपूर्ण वस्तु के खोने की चिंता बढ़ेगी। सगे-संबंधों में कुछ खट्टा-कुछ मीठा एहसास होगा। पारिवारिक अथवा निजी जरुरतों में व्यय का योग है। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**बृषभः–** निराश छोड़ समस्याओं के विकल्प पर मन केंद्रित करें। अच्छी योजनाएं महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति में सहायक होंगी। रचनात्मक कायरें में रुचि बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**मिथुनः–** किसी सुखद यात्रा की योजना बनेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। मन नयी कल्पनाओं की सैर करेगा। कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने के आसार बनेंगे।

**कर्कः–** संवेदनशीलता व सरलता आपके स्वभाव की विशेषता व कमजोरी दोनों हैं। अतरू गलत प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनायें। शिक्षा अथवा कलात्मक क्षेत्र में सफ़लता मिलने का योग है।

**सिंहः–** हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे। कुछ नई प्रतिभाएं आप में परिलक्षित होंगी। आर्थिक पक्ष से सबल होंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**कन्याः–** रोजगार में कुछ अवरोधों के बावजूद सफ़लता अवश्य मिलेगी। आर्थिक पक्ष के प्रति मन चिंतित होगा। आय-व्यय में संतुलन बनाकर चलें। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः–** कोई नया लक्ष्य अपनी सार्थता हेतु आपको उद्वेलित करेगा। रोजगार क्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता से मन खिन्न होगा। नये लक्ष्यों के प्रति क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः–** प्रतिभाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद भी निराश मन लाभ से वंचित करेगा। सामाजिकता के निर्वहन में व्यस्त रहेंगे। आलस्य का त्याग करें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**धनुः–** उत्साहपूर्ण सुखद समय का एहसास होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। निकट संबंधों का भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार संबंधी कुछ जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है।


**मकरः–** महत्वपूर्ण कायरें की सकुशल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। नये लक्ष्यो में क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

**कुंभः–** किसी निकट संबंधी के सहयोग से लाभकारी स्थिति बनेगी। प्रियजनों से प्यार, उपहार व सम्मान मिलने का योग है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव।

**मीनः–** कभी धूप कभी छांब यही जीवन है। अतरू निराश न हों। नकारात्मक चिंताओं को त्याग आशावादी बनें। निकट संबंधों में भावनात्मक आकांक्षाएं प्रबल होंगी।




## आज का सुविचार



## संक्षिप्त समाचार

### आज उरई आएंगे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कार्यकर्ता को देंगे श्रद्धांजलि

**उरई/जालौन।** जालौन में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 27 दिसंबर को उरई आएंगे। वह यहां सपा नेता सुरेंद्र मौखरी को श्रद्धांजलि देंगे। उनका एक हफ्ते पहले हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। बता दे कि विगत सप्ताह सोमवार रात को मौखरी गांव के रहने वाले सपा नेता सुरेंद्र मौखरी की हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई थी। वह लोहिया और मुलायम के दिखाए मार्ग पर चलकर काम कर रहे थे, जिसके बाद सपा से सुरेंद्र ने जालौन के साथ प्रदेश में एक अलग पहचान बना ली थी। सपा ने उनकी लगन को देखते हुए सबसे कम उम्र में जालौन जनपद का युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया था। वह जिला पंचायत सदस्य भी रहे। उन्होंने सपा को पहली बार लोकसभा और विधानसभा सीट में जीत दिलाई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेगे। सपा अध्यक्ष मंगलवार सुबह 10 बजे झांसी सर्किट हाउस से उरई के लिये रवाना होंगे। वह 11.30 बजे झांसी-कानपुर बाईपास राठ रोड़ स्थित विजय विक्रम रिसोर्ट पहुंचेगे। इसके बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह गुर्जर कॉम्प्लेक्स में पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपराज गुर्जर के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करेंगे।

### ठंड में सड़क पर उतरी डीएम,गरीब और असहाय लोगों को बांटे कंबल

**उरई/जालौन।** जालौन भीषण सर्दी को देखते हुए शासन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़क पर जीवन यापन करने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें। इसी को लेकर जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने देर रात राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत बने आश्रय गृह शेल्टर हाउस का औचक निरीक्षण किया। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा सड़क किनारे बने फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों को कंबल वितरण कर प्रमुख जगहों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई। जिससे भीषण ठंड में लोगों को राहत मिल सके। डीएम चांदनी सिंह ने देर रात शहरबजा का मुआयना किया। इस दौरान संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत निर्मित आश्रय गृह शेल्टर हाउस का निरीक्षण किया। साथ ही इस दौरान वहां मौजूद लोगों को निर्देशित किया कि लोगों के ठहरने, भोजन और साफ-सफाई की व्यवस्था सही से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पर्याप्त अलाव जलवाने की व्यवस्था भी रहे। यहां पर ठहरने वाले व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इस निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने कोंच बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कालपी बस स्टैंड पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए। उन्होंने फुटपाथ पर सो रहे गरीब निराश्रित एवं जरूरतमंदों के बीच स्वयं कंबल वितरण किए। साथ ही सड़क किनारे जीवन यापन करने वालों को रैन बसेरे में रहने के लिए व्यवस्था कराने के लिए उप जिलाधिकारी को निर्देश करते हुए कहा कि ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित करें, जहां पर निराश्रित व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सो रहे हैं। उन्हें रैन बसेरे में भेजा जाए। जिससे ठंड में कोई भी सड़क किनारे सोता न मिले। साथ ही प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### यमुना में उतराता मिला बच्ची का शव,परिजन बोले-बेटी की हुई है हत्या

**उरई/जालौन।** जालौन में यमुना नदी में सोमवार को एक बच्ची का शव उतराता मिला, जिसे देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। बच्ची की शिनाख्त कराने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों ने बच्ची की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना कालपी कोतवाली के यमुना नदी की है। यहां सोमवार सुबह कालपी से गुजरी यमुना नदी में एक बच्ची का शव उतराता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। कुछ ही देर में सीमा से सटे हुए कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुरा के रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे।उन्होंने बच्ची की पहचान नेहा (7) पुत्री सोबरन सिंह के रूप में की। लड़की के पिता सोबरन सिंह ने बताया कि बेटी बीते सोमवार शाम को घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह लापता हो गई थी। उसकी तलाश कई जगह की गई, लेकिन कहीं पता नहीं लगा। उसने दूसरे दिन मंगलवार को बच्ची के लापता होने की खबर भोगनीपुर थाने जाकर पुलिस को दी थी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। परिजनों का कहना है कि हत्या के बाद शव नदी में फेंका गया है। कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि 7 वर्षीय नेहा का शव मिला है, जिसकी गुमशुदगी भोगनीपुर थाने में दर्ज थी। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कच्ची दीवार गिरने से ग्रामीण की दबकर मौत, आवाज सुन परिजनों ने मलबा हटाकर निकाला

**उरई/जालौन।** जालौन में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सोते वक्त एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से उसमें ग्रामीण की दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, उन्होंने आनन-फानन में कच्ची दीवार को मलबा हटाते हुए उसमें दबे ग्रामीणों को निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचोखरा की है। गांव का रहने वाला बृजेश मिश्रा कच्चा मकान बनाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। वह रविवार रात को अपने कच्चे मकान में सो रहा था, उसी दौरान सोते वक्त उसके कच्चे मकान की दीवार गिर गई। जिससे बृजेश उसमें दब गया। मलबे के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर उसके घर परिवार के लोग जाग गए। जहां उन्होंने दीवार गिरी हुई देखी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने आनन-फानन में मलबा हटाते हुए उसमें बृजेश को बाहर निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया। मृतक अपने परिवार का इकलौता सहारा था, म्रतक दो भाई थे। मृतक के बड़े भाई की पूर्व में ही मौत हो चुकी हैं। बृजेश के पास ही सारी जिम्मेदारी थी। दीवार गिरने की सूचना पर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एसडीएम ने किसानों और व्यापारियों में कराई सुलह, कई दिनों से चल रहा था विवाद

**बांदा।** जनपद के बबेरू मंडी समिति में धान खरीद को लेकर काफी दिनों से चल रहे किसान और व्यापारियों के विवाद को लेकर आज रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष व उपजिलाकिारी किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष ने पहुंचकर सुलह समझौता कराया है। उसके बाद धान खरीद की शुरुआत करवाई है। मामला बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड स्थित मंडी समिति का है। जहां पर धान खरीद केंद्र पर व्यापारियों और किसानों के बीच कटौती को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। जिसमें आए दिन व्यापारी और किसान तौल को लेकर विवाद होता रहता था। जिसमें पहले एक बोरी में 60 किलो की जगह 62 किलो की तौल करते थे,और टीडीएस भी काटते थे। जिसमें किसानों के साथ विवाद होता था। कई बार किसान नेताओं ने ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन के लिए भी बात कही थी,दो से तीन बार उप जिलाधिकारी मंडी सचिव और किसानों के बीच बैठकर हुई लेकिन फिर भी व्यापारी कटौती करते थे। जिसमें किसान और व्यापारियों के साथ विवाद चल रहा था। जिसमें आज व्यापारियों के द्वारा खरीद बंद कर दी गई थी। जिससे सैकड़ों की संख्या में किसानों को ट्रैक्टर धान से भरे खड़े थे। सूचना मिलते ही बबेरू उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल किसान मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। जिसमें व्यापारी किसान नेता,किसान व मंडी समिति के सचिव दिलीप कुमार के साथ बैठक की,और लिखित में समझौता कराया गया कि कोई भी कटौती नहीं की जाएगी। एक कुंटल में 1 किलो लिया जाएगा।

# सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है वीर बाल दिवस: योगी

संवाददाता

●मुख्यमंत्री आवास पर हुआ संकीर्तन

●गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचाना होगा ताकि वे बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें।उन्होंने कहा कि जब भी भारत पर दुश्मनों की नजर पड़ी, पंजाब दीवार बन कर खड़ा रहा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दिन सिख गुरुओं के बलिदान को याद करने नमन करने का अवसर है। गुरुगोविंद सिंह के चारों पुत्रों के नाम लेते हुए कहा कि चार-चार पुत्र भारत की और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान दिए। जब गुरुगोविंद से पूछा कि आपके चार पुत्र शहीद हुए। उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिख गुरुओं को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि भारत के स्वर्णकालीन इतिहास को पुस्तक में सचित्र उपलब्ध कराने का कार्य शुरू हो गया है। नहीं होगा तो लोग



भूल जाएंगे कि बाबा अजित सिंह, बाबा फतेह सिंह, जोरावर सिंह कौन थे,उनकी उम्र क्या था ? मां गुजरी के सानिध्य में जो संस्कार मिले उसी का परिणाम है कि वे अधर्म के सामने नहीं झुके। धर्म और देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहूति दी। कौन नहीं जानता जब भी भारत पर कोई खतरा आया तब-तब पंजाब दीवार बनकर खड़ा रहा। तवांग की घटना के बारे में मैने जानकारी की तो पता चला कि भारत के जवान चीन के एक-एक जवान को पकड़ बताया कि हमारी क्या ताकत है। लखनऊ और गोरखपुर गुरुद्वारा कमेटी के लोगों को धन्यवाद दूंगा। वे लोग बार-बार वीर बाल दिवस मनाने की आवाज उठाते रहे। मुख्यमंत्री आवास पर इसकी शुरुआत हुई। उसकी गूंज पूरे देश और दुनिया में सुनाई पड़ी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उप्र सरकार सिख समाज के साथ खड़ी है। किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख, गिरीश चंद्र यादव, मेयर संयुक्ता भाटिया, एमएलसी मुकेश शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह के अलावा सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, निर्मल सिंह समेत कई विधायक व अन्य लोग मौजूद रहे।

### अटल का ऋषितुल्य जीवन राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा: योगी

**लखनऊ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने आज रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने भावुक होते हुए कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी का ऋषितुल्य जीवन सभी राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा है। योगी ने ट्वीट किया, मूल्यों व आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट कवि, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने आगे लिखा, अटल बिहारी वाजपेयी का ऋषितुल्य जीवन सभी राष्ट्र आराधकों के लिए प्रेरणा है। योगी ने सभी देशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, प्रखर राजनेता, हमारे प्रेरणा स्रोत, भाजपा के पितामह, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न परम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनकी जयंती पर समस्त देशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर कहा, भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, मां भारती के सच्चे सपूत, हमारे पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, ऋषि मन की सात्विकता, पर्वत समान दृढ़ता और उत्कृष्ट लोकतांत्रिक अटल का त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## सरकारी अस्पतालों में 70 बेड रिजर्व, कोरोना को लेकर तैयारियां

संवाददाता

● शहर के तीन बड़े सरकारी अस्पतालों में संक्रमित भर्ती करने के लिए 70 बेड रिजर्व कर लिए गए

**लखनऊ।** कोरोना को लेकर सरकार सजग और सर्तक है। प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पतालों में बेड रिजर्व किए जाने तथा आक्सीजन की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए जा चुके है। कोरोना के नए वैरिएंट (बीएफ .7) से निपटने के लिए राजधानी के सरकारी अस्पतालों में तैयारी तेज कर दी गई है। शहर के तीन बड़े सरकारी अस्पतालों में संक्रमित भर्ती करने के लिए 70 बेड रिजर्व कर लिए गए हैं। फिलहाल जिले में जांच के लिए डेढ़ लाख किट है। इसके अलावा और जांच किट व पीपीई किट की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में 30 बेड आरक्षित किए गए हैं।

सीएमएस डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि इनमें से 10 आइसोलेशन के लिए रखे गए हैं। 20 बेड कोविड मरीजों के लिए हैं। जरूरत पड़ने पर संख्या बढ़ाई जाएगी। लोकबंधु में कोरोना मरीजों के लिए 25 बेड रखे गए हैं। यह अस्पताल एयरपोर्ट के नजदीक है। लिहाजा कोई यात्री संक्रमित मिला तो उसे यहां आइसोलेट किया जाएगा। अस्पताल में कोरोना जांच के लिए तीन हजार से ज्यादा किट हैं। दवाओं, पीपीई किट व मास्क का पर्याप्त स्टॉक है। बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि इमरजेंसी में आठ बेड से बढ़ाकर 15 बेड कोरोना मरीजों के लिए रिजर्व कर दिए गए हैं। गंभीर मरीजों के लिए 28 बेड की आईसीयू यूनिट तैयार है। इनमें वेंटिलेटर भी हैं। जांच के लिए तीन हजार से ज्यादा एंटीजेन व आरटी-पीसीआर वॉयल हैं।

## यूपी में हाड़ कंपाती ठंड का प्रकोप जारी

### शिक्षा विभाग ने जनपदों में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव जरूर किया

संवाददाता

●लखनऊ में कक्षा आठ तक के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खोलने के आदेश जारी किये गए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने जनपदों में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव जरूर किया गया है, लेकिन अभी तक शीतकालन छुट्टियों का आदेश जारी नहीं हुआ है। लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, बदायूं जैसे जनपदों में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। लखनऊ में कक्षा आठ तक के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खोलने के आदेश जारी किये गए हैं। अयोध्या में विद्यालयों का समय 10 बजे से लेकर 3.30 कर दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों का समय 9 बजे से कर दिया गया है। ढ़ती सर्दी को देखते हुए कुछ जिलों के जिला अधिकारियों ने विद्यालयों 30 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं जनपद बदायूं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले में बढ़ते शीत कालीन को देखते हुए 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आवकाश अवकाश घोषित कर दिया। बता दें कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग शीतकालीन के दौरान 15 दिनों की छुट्टी घोषित करता है। हालांकि अभी विभाग की तरफ से ऑफिसियल शीतकालीन को लेकर जारी नहीं किया गया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही शीतकालीन को लेकर आदेश



जारी करेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अभी अगले कुछ दिनों तक ठंड का असर यूं ही जारी रहेगा। प्रदेश के कई जिलों में कोहरा भी बढ़ेगा। प्रदेश सरकार ने घने कोहरे को देखते हुए रात के वक्त बसों के संचालन में रोक लगा दी है। ऐसे में देखना यह है कि स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को ठंड से राहत देने के लिए शिक्षा विभाग कौन से कदम उठाया है। गौरतलब है कि शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी स्कूलों में 15 दिनों की छुट्टी कर दी है दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सर्दियों में अवकाश को लेकर जो आदेश जारी किया है, उसके अनुसार दिल्ली के सभी सरकारी स्कूल 1 से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। पहली से 8वीं कक्षा के सभी विद्यालय पूरी तरह से बंद रहेंगे।

## शहर के 149 स्थानों को किया गया कचरा मुक्त

### संचालित समस्त रैन बसेरों को दुरूस्त कर दिया गया

संवददाता

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित समस्त रैन बसेरों को दुरूस्त कर दिया गया है। रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधायें यथा - बेड, बिस्तर, नहाने के गर्म पानी हेतु गीजर, शौचालय की सुविधा एवं साफ-सफाई की अनिवार्य रूप से समुचित व्यवस्था करायी गयी है। रैन बसेरों में गरीबों के लिये क्लाथ बैंक बनाये गये है जिससे लोगों को ठंड से निजात मिल सके। नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान में आज लगभग 1575 कर्मचारियों को योजित करते हुए 149 कार्यस्थलों को गार्बेज मुक्त किया गया। विशेष सफाई अभियान में जोन-01 के लालकुआँ, अमीनाबाद रोड, बांसमण्डी, बालू अड्डा, राणा प्रताप मार्ग, जापलिंग रोड़, मदन मोहन मालवीय मार्ग, लल्लूमल धर्मशाला, मानस नगर कॉलोनी, डालीबाग कॉलोनी, गांधी नगर, जोन-02 के मुस्लिम टोला, पाण्डेगंज, यहियागंज बर्तन बाजार, लेबर कालोनी, राजाजीपुरम, बड़ा इमामबाड़ा, राजाबजार, जलकल रोड़,,जोन-03 के लकड़मडी, रानीगंज तथा निराला नगर, मायावती कॉलोनी तथा महर्षि नगर, जोन-04 के चिनहट, सहारा प्लाजा पत्राकारपुरम, विक्रान्त खण्ड गोमती नगर, चिनहट प्रथम वार्ड में छोहरिया माता मन्दिर प्रांगण, गोमती नगर, में सफाई कार्यो के साथ-साथ एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। जोन-05 के कृष्णा नगर, आलमबाग थाना, रनिंग शेड कालोनी, आरपीएफ क्वाटर, गोपालपुरी, सरोजनी नगर सैनिक स्कूल, आजाद नगर सरोजनी नगर, आलमबाग, केसरी खेड़ा, जोन-06 फिरंगी महल, नौबस्ता जनरैल गंज जहरा कालोनी, नरपत खेड़ा, जोन-7 के मुलायम नगर , रघुवराज नगर, आर्दश खण्ड मटियारी कासी नगर, कल्याणपुर, गजरहा पुरवा, नारायण मार्ग जोन-08 के विद्यावती द्वितीय के विरहारा खेड़ा, राजा बिजली पासी किला, एडीए कालोनी, पीडब्लूडी कालोनी, ट्रान्सपोर्ट नगर सेक्टर आई में सफाई कार्यो के साथ-साथ एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

### उप निरीक्षक के घर का ताला तोड़कर चोरी

**बांदा।** सीआईएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक के मकान का ताला तोड़कर चोर घर के अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर और 1.70 लाख रुपये पार कर दिए। सहायक उप निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कालू कुआं मोहल्ला स्थित ब्रह्म नगर में सीआईएसएफ में सहायक उप निरीक्षक जयप्रकाश शुक्ला का मकान है। वह वर्तमान में दिल्ली में तैनात हैं। उनके मकान में उनका भतीजा राजू निवासी सतन्याव थाना बबेरू रहता है। दो किराएदार भी रहते हैं। दो दिन पहले राजू गांव और किरायेदार भी अपने-अपने घर चले गए थे। इसी बीच मकान को चोरों ने निशाना बनाया। मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवरा पार कर दिये।

## भारतीयता के पूरक थे महामना मदन मोहन मालवीय: राठौर

संवाददाता

**लखनऊ।** मूल्य आधारित शिक्षा से समाज का सर्वांगीण विकास करना महामना के जीवन का लक्ष्य था। मदन मोहन मालवीय कुशल राजनेता प्रसिद्ध वकील एवं शिक्षाविद थे। साधारण परिवार में जन्मे मालवीय जी अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित किया था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए महामना ने समाज के सभी वर्गो को जागृत किया तथा जोड़ा। मदन मोहन मालवीय की परिकल्पना थी कि भारतीय शिक्षण संस्थानों से निकलने वाले प्रत्येक छात्र का भारतीय विचार के अनुरूप निर्माण हो। यह उदगार प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बहैसियत चीफ गेस्ट भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित महामना शिक्षण संस्थान में आयोजित मदन मोहन मालवीय जन्म जयंती के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा की देश की आजादी मे हमारे महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी, संघर्ष किया, यातनाएं झेली ,उनका बलिदान और उनके संकल्पों को साकार करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे आज देश चहूमुखी विकास कर रहा है। समर्थ भारत सक्षम भारत बनकर विकास के पथपर अग्रसर है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विधाभारती के राष्ट्रीयमंत्री डॉ.शिवकुमार ने कहा कि महामना शब्द के सम्बोधन से ही मनुष्य के मूल निर्माण का बोध होता है।

### मां ने बेटे पर कुल्हाड़ी से किया हमला, मानसिक रूप से कमजोर है महिला

**बांदा।** बिंसडा थाना क्षेत्र के शिव गांव में एक मां ने अपने ही मासूम बेटे पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज जारी है। हालांकि परिजन मां को मानसिक रूप से अस्वस्थ बता रहे हैं। जिले के अतर्रा थाना क्षेत्र में घर में खेल रहे बालक पर मां ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बालक को परिजनों ने गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, परिजन महिला को मानसिक रूप से अस्वस्थ बता रहे हैं। बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव में आदित्य (3) पुत्र दिलीप सिंह सोमवरा दोपहर घर के आंगन में खेल रहा था। तभी मां गोमती उसे उठाकर कमरे में ले गई और दरवाजा बंद कर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आदित्य के गले और चेहरे पर वार किया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर ताई और ताऊ संदीप सिंह घर की दीवार फांदकर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़कर बच्चे को बचाया।

## चीन से लौटे युवक में कोरोना की पुष्टि

●ताजनगरी आगरा में निकला मिला केस

●कोरोना संक्रमित के घर पहुंची आरआरटी टीम

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की ताजनगरी आगरा में कोरोना का पहला केस मिला है। चीन से वापस आए युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। दो दिन पहले युवक चीन से वापस आया था। एक निजी लैब में 40 वर्षीय युवक ने कोरोना की जांच कराई थी। युवक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिसके बाद युवक के घर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई है। आगरा के रहने वाले 40 वर्षीय युवक चीन गया था जिसके बाद वह बीते 23 दिसंबर को वापस आया था। आज रविवार को कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग को मामले की सूचना दी गई। फौरन रैपिड रेस्पोंस टीम को युवक के घर पर भेजा गया। इस दौरान युवक के संपर्क में आए लोगों की भी जांच कराई जाएगी। सीएमओ डा. अरुण श्रीवास्तव के मुताबिक कोरोना संक्रमित मरीज के



घर आरआरटी टीम पहुंच गई है। विदेश से वापस आने वाले लोगों पर सात दिन तक नजर रखी जाएगी। वापस आए लोगों को होम आइसोलेट किया जाएगा। सर्दी जुकाम और बुखार के लक्षण मिलने पर उसकी कोरोना जांच कराई जाएगी। सीएमओ के मुताबिक तमाम लोग नए साल पर विदेश घूमने जाते हैं। कारोबार के सिलसिले में विदेश जाने वालों की संख्या भी बढ़ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विदेश यात्रा से लौटने वाले लोगों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इन लोगों पर सात दिन तक नजर रखी जाएगी और होम आइसोलेट किया जाएगा जिससे कि दूसरे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा न रहे। एसएन सहित प्राइवेट लैब की जांच में कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने पर जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल को लखनऊ के केजीएमयू में भेजा जाएगा।

### कोरोना को लेकर की अहम बैठक,कई परियोजनाओं का किया उदघाटन

# अमेठी पहुंची स्मृति ईरानी, कोविड-19 की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी अमेठी पहुंचीं। स्मृति ईरानी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कोविड प्रबंधन को लेकर बैठक की। अमेठी पहुंचने के बाद केंद्रीय मत्री ने बीजेपी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।यहां से निकलने के बाद स्मृति अपने निर्माणाधीन आवास मेदन मवई गांव पहुंची।स्मृति ईरानी ने मेदनी गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्मन की बातश् रेडियो कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,पूर्व राज्यमंत्री औरजगदीशपुर विधायक सुरेश पासी समेत कई बड़े नेता और बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हुए।स्मृति करीब एक बजे कलेक्ट्रेट पहुंची जहां उन्होंने एक करोड़ से अधिक की परियोजनों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद में प्रधानमंत्री आवास समेत कई योजनाओं के लाभार्थियों को चाबियां और घरौनी का वितरण किया।स्मृति




ईरानी ने कलेक्ट्रेट परिसर में सिंहपुर ब्लाक के खारा गांव में 46 लाख की लागत से बने बायोगैस पावर जनरेशन प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। संग्रामपुर ब्लाक के भौसिंहपुर गांव में 32 लाख की लागत से बने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन केंद्र का भी उद्घाटन किया। इंडोरामा फैक्ट्री द्वारा दिये गए 10 एटीएम हेल्थ मशीन का भी उद्घाटन कर अमेठी की जनता को सौंपा।अमेठी की अलग-अलग अस्पतालों में लगाई गई हेल्थ मशीन की कीमत 27 लाख रुपए हैं। इस दौरान एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।कलेक्ट्रेट सभागार में स्मृति ईरानी ने कोविड प्रबंधन और तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएम,एसपी,सीडीओ औरसीएमओ समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती का आयोजन

## इंदिरा नगर में उपस्थित सभी गरीब श्रमिकों को मिष्ठान वितरण किया गया




**संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की 98वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के 252, सेक्टर 25, इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में जन्म जेयंती आयोजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गरीबो मजदूरों मे मिष्ठान वितरण, अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, त्रैमासिक निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ व अटल गीतांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा अटल जी की जन्म जयंती पर लेबर अड्डा, इंदिरा नगर में उपस्थित सभी गरीब श्रमिकों को मिष्ठान वितरण किया गया। 250 से अधिक श्रमिक मिष्ठान पाकर अत्यंत खुश हुए व ट्रस्ट के सभी लोगों को धन्यवाद दिया। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल, ट्रस्ट के स्वयंसेवकों व सेक्टर 25 के क्षेत्रीय निवासियों द्वारा माननीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया गयाद्य इस अवसर पर हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि ष्माननीय अटल जी एक महान राजनेता व हिंदी के विख्यात कवि व प्रबुद्ध पत्रकार थे । आज अटल जी की 98वी जन्म जयंती पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। अटल जी के व्यक्तित्व को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता क्योंकि वह बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। देश के समुचित विकास हेतु उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं व उनको शत शत नमन करते हैं। अटल जी कहा करते थे कि शिक्षा का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। हमें जरूरतमंदों को शिक्षा देनी चाहिए। अटल जी की इन्हीं पंक्तियों से प्रेरणा लेकर उनकी जन्म जयंती पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा त्रैमासिक निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत 22 महिलाओं, छात्राओं ने पंजीकरण कराया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की शपथ ली। अटल जी की कविताएं हर उम्र के लोगों के बीच हमेशा लोकप्रिय रही है व सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अतः अटल जी की जन्म जयंती पर ट्रस्ट द्वारा ष्अटल गीतांजलिष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री रामायण धर द्विवेदी (गीतकार) ने एकल काव्य पाठ किया तथा सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री रामायण धर द्विवेदी जी ने अटल गीतांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अटल जी द्वारा रचित कुछ प्रेरणादायी कविताओं के साथ की।

## यूपी में बढ़ेगी शीतलहर, मौसम विभाग का अलर्ट

➢कई शहरों में छाए रहेंगे बादल,गिरेगा पारा

**संवाददाता**

लखनऊ। 2022 का आखिरी महीना यानि दिसंबर जाने को हैं आखिरी हफ्ता है, महीना और साल दोनों समाप्त हो जाएगा। ठंड भी कहर ढाने लगी है। ठिठुरन बढ़ने और पारा गिरने से लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। देश के कई हिस्सों में तो पारा 10 डिग्री से भी नीचे है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।मौसम विभाग की माने तो आने वाले समय मे सर्दी सितम ढाने वाली है।

पहाड़ी इलाकों में लगातार बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर तापमान में भारी गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश के अधिकतर इलाको में शीतलहर का प्रकोप है। सुबह और शाम कोहरे की चादर दिखती रही है। कोहरे के कारण गाड़ियो की धीमी हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो तीन दिन तक प्रदेश और भी ठंड बढ़ने वाली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोहरे की चादर देखी जा सकती है। कई हिस्सों में बादल भी छाये रहने की संभावना है। तापमान और गिर सकता है। पिछले दिनो कई क्षेत्रों हुई बारिश ने ठंड में और इजाफा किया है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 2 से 4 दिनो में प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

## कैसरबाग बारादरी में न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया संस्था द्वारा सिल्क प्रदर्शनी का आयोजन'

**संवाददाता**

**लखनऊ।** नव वर्ष में होने वाली खरीदारी को लेकर आठ जनवरी 2023 तक चलने वाली न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर संयुक्ता भाटिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ इस मौके पर आयोजक मानस आचार्य व जावेद मकसूद ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया।प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों के पास विभिन्न प्रकार के मटेरियल से बनी साड़ी सूट डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी कुर्ती टॉप खादी शर्ट फैशन जूलरी बेड सीट भदोही की कालीन ज्वैलरी ड्राई फ्रूट और बहुत कुछ! प्रदर्शनी में सौ प्रतिशत सिल्क उत्पाद व विंटर कलेक्शन भी सेल किये जा रहे है !उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन करती महापौर ने कहा इस जगह पर आये विंभिन्न राज्यों के उत्पाद बुनकरों द्वारा तैयार किये गए है जो सीधे ग्राहकों को मिला रहा है यह अच्छा प्रयास है और उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में एक ही छत के नीचे सब कुछ उपलब्ध होगा यह लखनऊ वासियों के लिए अच्छी बात है उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार बुनकरों के काम को बढ़ावा देने के लिए कर रही है ताकि उनका कारोबार आगे बढ़ता रहे !महापौर ने सभी आर्टीजनोंको आगामी नव वर्ष 2023 शुभकानाएं दी और और मीडिया क माध्यम से सभी को एक बार प्रदर्शनी में पधारने के लिए कहा !प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की मलबरी सिल्क ,जामदानी व् जमावार सिल्क साड़ी उपलब्ध है बिहार की जैविक टसर सिल्क साड़ी सूट व् दुपट्टा ड्रेस मटेरियल तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क सड़ी व् डिजायनर साड़ी व् सूट आंध्र प्रदेश की उप्पड़ा, गढ़वाल,मंगलगिरी,व् पोच्चम पल्ली साड़ी पश्चिम बंगाल की बालूचरी, ढाका मशलीन,बुटीक व कांथा साड़ी छत्तीसगढ़ अनन्य कच्ची व् कोसा सिल्क साड़ी व ड्रेस मटेरियल उपलबध है !प्रदर्शनी में आने वाले ग्राहकों की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।प्रदर्शनी में कर्नाटक की सोने के तार से तैयार गोल्ड जरी वर्क कॉंजीवरम सिल्क साड़ी को देखने के लिए ज्यादा उत्साहित रहे लोग।जिसका मूल्य दो लाख से ढाई लाख रुपये है ।

इस बार प्रदर्शनी में खुर्जा की क्राकरी व भदोही भी कार्पेट भी देखने को मिल रही है जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

## जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, नहीं सुन रहे प्रधान-सचिव



**हाथरस।** हसायन की ग्राम पंचायत जहांगीरपुर के माजरा नगला तजना में कुछ लोगों ने गांव के गली चकरोड, नाली के सहारे मेड़ मिलान को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस कारण गांव के गली-मोहल्लों में जलनिकासी की सुविधा ध्वस्त हो गई है। गंदा पानी ग्रामीणों के घरों में घुस रहा है। नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ नारेबाजी के बीच प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में भरे हुए गंदे पानी की निकासी कराए जाने के लिए प्रधान और सचिव को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन कोई निराकरण नहीं निकला। प्रधान ने तो उल्टे ग्रामीणों से कह दिया कि अपने घरों को ऊंचा कर लीजिए। पानी घरों में नहीं भरेगा।

जलभराव के कारण लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। मकानों के अंदर दरारें पड़ जाती हैं और सीलन भी आ जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर गांव में जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो जल्द ही ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जब वोट लेने का समय आता है, तो प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि पैरों में झुककर भीख मांगते हैं, लेकिन जीतने के बाद जनता की समस्या को दूर कराने की उन्हें फुर्सत नहीं है। ग्रामीणों ने इस समस्या से अधिकारियों को भी अवगत कराया है, लेकिन उन्होंने भी अनसुनी कर दी।

## सड़कों पर अब एक बार ही लगेगी झाड़ू, नगर निगम ने दो समय सफाई की व्यवस्था में किया परिवर्तन

**अलीगढ़।** जिले में अब सिर्फएक समय ही सड़कों की साफ-सफाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने जिले में दो शिफ्ट में होने वाली सफाई की व्यवस्था में परिवर्तन किया है और तत्काल प्रभाव से इस व्यवस्था को लागू कर दिया है। अभी तक अलीगढ़ में नगर निगम सुबह 6 से 10 और दोपहर 2 से 6 बजे तक दो पारियों में साफ-सफाई कराता था। लेकिन लगातार दो शिफ्ट में होने वाले काम को बंद करने की मांग की जा रही थी। जिसके बाद नगर आयुक्त ने एक ही शिफ्ट में बेहतर सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

पूरे प्रदेश में सिर्फ अलीगढ़ ही एक मात्र जिला था, जहां पर अभी तक दो शिफ्ट में सफाई की जाती थी। इसके अलावा अन्य आगरा नगर निगम, कानपुर नगर निगम, फिरोजाबाद नगर निगम, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद समेत अन्य जगहों पर एक ही शिफ्ट है। प्रदेश की सभी नगर निगम में सुबह 6 से 2 बजे तक सफाई करने की व्यवस्था लागू थी। लेकिन अलीगढ़ में दो शिफ्ट में काम चल रहा था। शाम की शिफ्ट में वांछित सफाई काम दृष्टिगत नहीं होता है। इस कारण सेनीटरी इंस्पेक्टर लगातार सिर्फ एक शिफ्ट में काम करने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब इसे लागू कर दिया गया है। नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बताया कि अब एक शिफ्ट में काम किया जाएगा, इससे निश्चित तौर पर बेहतर काम होगा। शहर में साफ-सफाई अलग से देखने को मिलेगी। इसके लिए नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह शहर में लगातार भ्रमण करके कर्मचारियों के काम पर नजर रखें। सुबह 6 से 2 बजे तक मुख्य मार्गों की सफाई, नालियों की तली झाड़ सफाई होगी।

## क्रिसमस पर दिया धार्मिक एकता का संदेश

**अलीगढ़।** क्रिसमस का त्योहार रविवार को धूमधाम से मनाया गया। गिरिजाघरों में जहां इसाई समाज के लोगों ने एक दूसरों को बधाइयां दी और त्योहार मनाया। वहीं मानव उपकार संस्था की ओर से चर्च पर स्टॉल लगाकर उपहार बांटे गए और एकता का संदेश दिया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विष्णु कुमार बंटी ने बताया कि भारत की एकता और अखंडता का आधार देश वासियों का आपसी प्रेम और भाईचारा है। यहां सभी धर्म के लोग रहते हैं और हर त्योहार एक दूसरे के साथ मिलकर मनाते हैं। इसी संदेश के साथ उनकी संस्था ने बच्चों के लिए स्टॉल लगाए हैं। सोशल मीडिया पर क्रिसमस के विरोध में चल रहे बयान और विरोध के मामले पर मानव उपकार संस्था के अध्यक्ष विष्णु कुमार बंटी ने कहा कि आज जो लोग सोशल मीडिया पर इस तरह का प्रचार प्रसार कर रहे हैं, उनके बच्चे या तो मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं या आज पढ़ रहे हैं। वह ऐसे बयान या स्टेटस इसलिए लगा रहे हैं, जिससे राजनैतिक लाभ ले सकें। अगर वह क्रिसमस का विरोध कर रहे हैं तो अपने बच्चों को शहर के मिशनरी स्कूलों में क्यों पढ़ाते हैं। सबसे पहले वह अपने बच्चों को मिशनरी स्कूल से हटाएं और उनका दाखिला सनातनी सभ्यता वाले गुरुकुल में कराएं।

### 9वें एनुअल क्लिनिकल कॉर्डियोलॉजी एण्ड ईको कॉर्डियोग्राफी सम्मेलन में जुटे देश भर के डॉक्टर्स'

**लखनऊ।** राजधानी के निजी होटल में 9वें एनुअल क्लिनिकल कॉर्डियोलॉजी एण्ड ईको कॉर्डियोग्राफी सम्मेलन में देश भर से आए डॉक्टर्स ने प्रतिभाग किया। आयोजक डॉ साजिद अंसारी ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में हार्ट और ब्लड प्रेशर से जुड़ी नवीनतम जानकारियां दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि अजमेर से आए प्रेसिडेंट इंडियन सोसाइटी ऑफकॉर्डियोलॉजी डॉ आर के गोखरू ने इस समय नौजवानों में हो रहे हार्ट अटैक को लेकर बहुमूल्य जानकारी दी। जाने माने कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ वी एस नारायण ने आम जनता को हृदय रोगों से बचने के उपाय बताते हुए कॉर्डियोलॉजी में हुए एडवांसमेंट की जानकारी दी।

## पकड़ा गया उत्पाती लंगूर, घायल कर चुका था दर्जनों ग्रामीणों को

### लंगूर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली



**हाथरस।** सादाबाद के कई गांव में आतंक का पर्याय रहा लंगूर रविवार को आखिरकार पकड़ा गया। वाइल्ड लाइफ और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से गांव चिरावली की गोशाला के पास से लंगूर को पकड़ लिया। टीम लंगूर को अपने साथ ले गई। लंगूर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। करीब एक माह पहले कुरसंडा क्षेत्र में लंगूर ने कई लोगों को हमला कर घायल कर दिया था। वन विभाग और वाइल्ड लाइफ की टीम लंगूर को पकड़ने पहुंची, तो लंगूर निकट के गांव की तरफ भाग निकला। कई बार टीमें लंगूर को पकड़ने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन लंगूर भाग निकलता था।

इस दौरान लंगूर ने कई गांवों में दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हमला कर घायल कर दिया था। रविवार को वन विभाग की टीम को लंगूर देखे जाने की सूचना मिली। विभाग की टीम लगातार इस मामले की निगरानी कर रही थी। सूचना मिलते ही वन विभाग और वाइल्ड लाइफ की टीम गांव चिरावली पहुंच गई। टीम को देखकर लंगूर इधर-उधर भागने लगा। टीम के सदस्य लगातार लंगूर का पीछा करते रहे और आखिरकार ग्रामीणों की मदद से चिरावली गोशाला के निकट से लंगूर को पकड़ लिया गया।

### अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया

## प्रधान अधिकारों को समझ बनाएं ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर



**हाथरस।** सुशासन सप्ताह के तहत विकास खंड हाथरस में जिला पंचायतराज अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डीपीआरओ सुबोध जोशी ने कहा कि सुशासन दिवस 2014 में शुरू हुआ। कार्यशाला में प्रधानों को आमंत्रित करने का उद्देश्य है कि एक प्रधान करीब एक हजार से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। इसका मतलब यह है कि आज इस कार्यशाला के माध्यम में हजारों लोगों तक सुशासन को पहुंचाया जा रहा है। ग्राम प्रधानों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान अपने अधिकार को समझकर ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाएं।

इस क्रम में जिला कंसल्टेंट राहुल सिंह ने एसएलडब्ल्यूएम के अंतर्गत निर्माण कराए जाने वाली विभिन्न संरचनाओं के सम्बंध तकनीकी विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डीसी योगेश सारस्वत ने समस्त ग्राम प्रधानों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 के सम्बंध विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम प्रधानों को बताया कराया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में तीन श्रेणियों (2000 तक आबादी वाली , 2000 से 5000 तक आबादी वाली एवं 5000 से ऊपर आबादी वाली) उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक विकास खंड से 15 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का सत्यापन निर्धारित मानकों पर करते हुए चयन की सूची जिला स्तर पर भेजी जाएगी। जिला स्तर पर प्राप्त 105 ग्राम पंचायतों में से जनपद स्तर से सत्यापन करते हुए 15 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर अग्रसारित किया जाएगा। राज्य स्तर से 15 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राष्ट्र स्तर पर भेजा जाएगा।

कार्यशाला में सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा ग्राम प्रधानों को निर्धारित समयानुसार ग्राम सभा की बैठक में करने तथा बैठकों से पूर्व ग्राम में डुगडुगी पिटवाने तथा ग्राम सभा की बैठकों में ग्राम प्रधानों द्वारा किए गए कार्यों का आय-व्यय का ब्योरा पढ़ने के साथ पारदर्शिता लान`के निर्देश दिए। प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज सिसौदिया को पंचायतराज अधिनियम की पुस्तक भेंट करते हुए समस्त ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया सभी ग्राम प्रधान पंचायत राज अधिनियम को पढ़ें तथा अधिनियम में निहित शक्तियों के अनुसार ग्राम पंचायत में कार्य करें।

## संक्षिप्त समाचार

### अमुवि कुलपति ने क्रिसमस की बधाई दी

**अलीगढ।** देश के नागरिकों और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बिरादरी को क्रिसमस की हार्दिक बधाई देते हुए अमुवि वाइस चांसलर प्रोफेसर तारिक मंसूर ने कहा कि क्रिसमस मानवीय करुणा और मोक्ष की खोज का प्रतीक है। यह त्योहार हमें हमारे आस-पास की महत्वपूर्ण चीजों पर चिंतन करने और एक दूसरे के निकट आने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा मेरी यह कामना है कि यह क्रिसमस हमें एक दूसरे के करीब लाए और सबके जीवन में शांति, प्रेम और आनंद लाये। मैं सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देता हूं।

### 'गुलदाउदी, कोलियस और रोज शो' के समापन पर पुरस्कार वितरित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के लैण्ड एण्ड गार्डन विभाग द्वारा गुलिस्तान-ए-सैयद गार्डन में आयोजित दो-दिवसीय 'गुलदाउदी, कोलियस और रोज शो' के समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गये। स्वालेहा फारूकी रनिंग कप फार द क्वीन आफद शो वीसी लाज को तथा वाइस चांसलर रनिंग कप फार द किंग आफद शो गुलिस्तान-ए-सैयद को प्रदान किया गया। प्रोफेसर बीए खान रनिंग कप फार द बेस्ट रोज मोहम्मद मुस्तकीम को, मिस्टर ताहिर हुसैन (मम्मा) रनिंग कप फार द बेस्ट कोलिस पीवीसी लाज को और अनसुमन बंसल रनिंग कप फार द बेस्ट सिंगल वेरायटी आफ क्रिस्थेनियम गुलिस्तान-ए-सैयद एवं कमांडेंट 104 आरएएफको संयुक्त रूप से प्रदान किया गया जबकि मिस्टर बीएच हाशमी रनिंग कप फार द बेस्ट डबल क्रिस्थेनियम वीसी लाज, प्रोफेसर सुहैल अहमद रनिंग कप फार द हाइयेस्ट प्वाइंट इन क्रिस्थेनियम एण्ड रोज शो गुलिस्तान-ए-सैयद को तथा सफ्दर अब्बास मेमोरियल रनिंग कप फार द बेस्ट एक्जीबिट इन क्लास जी वीसी लाज को प्रदान किया गया। गुलदाउदी, कोलियस और गुलाब शो में अलग अलग श्रेणी में 44 प्रथम, 52 द्वितीय तथा 47 तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये एवं लगभग 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि सहकुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज ने इस अवसर पर कहा कि फूलों की यह प्रदर्शनी लोगों के लिए उत्साह जनक है और हम सबको नेचर के निकट आने अवसर प्रदान करती है। उन्होंने मानद् अतिथि वित्त अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान, डीन स्टूडैन्ट वैलफेयर प्रोफेसर अब्दुल अलीम, प्रोफेसर वजाहत हुसैन, प्रोफेसर आरिफ इनाम, प्रोफेसर नईमा गुलरेज, डा. अख्तर इनाम, प्रोफेसर हम्माद उस्मानी, प्रोफेसर अनवर शहजाद, डा. शम्सुज जमां खान एवं श्री जीशान अहमद के साथ प्रतिभागियों को ट्राफी और पुरस्कार प्रदान किये। लैण्ड एण्ड गार्डन के मेम्बर इंचार्ज एवं फ्लावर शो के सचिव प्रोफेसर जकी अनवर सिद्दीकी ने कार्यक्रम का संचालन किया और विजेताओं के नामों की घोषणा की। पुष्प प्रदर्शनी के कनवीनर और एसोसिएट मेम्बर इंचार्ज डा. तारिक आफ्ताब ने आभार जताया। 26 दिसम्बर को गुलस्तान-ए-सैयद में गमलों का विक्रय होगा।

### पूर्व पीएम की याद में आज होंगी प्रतियोगिताएं

**अलीगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की 98वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा की देखरेख में मंगलवार को प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, जिसमें विजेता रहने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर यह कार्यक्रम हर जिले में कराया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिभागी शामिल होंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हर जिले से 3-3 विजेताओं का चयन होगा, जो प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रदेश स्तर पर अव्वल रहने वालों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। भाजयुमो के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्र नेतृत्व के निर्देशानुसार पूर्व पीएम के जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 27 को पूरे प्रदेश के हर जिले में अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ किया जाएगा। इसी के साथ एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। जिसमें जिले के लगभग 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। भाजयुमो महानगर के प्रवासी और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौतम ठाकुर और महानगर के जिला अध्यक्ष अमन गुप्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के 3 विजेताओं को शीर्ष नेतृत्व द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भाजयुमो सुशासन यात्रा के लिए नामांकन भाजयुमो उन्नत प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### स्मृति ईरानी से मिले अधिवक्ता, की अमेठी के डीएम को हटाने की मांग

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर रविवार को अमेठी पहुंची जहां अधिवक्ताओं ने उनसे मिलकर जिलाधिकारी को हटाने की मांग की। स्मृति ईरानी ने अपने निर्माणाधीन आवास पर मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी पर समाजवादी पार्टी के विधायक के इशारे पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने डीएम को तत्काल हटाने की मांग की। श्रीमती ईरानी भाजपा कार्यलय पहुंची जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्मृति ने पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया।इसके बाद उनका काफिला उनके निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा। वहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद उन्होंने आम लोगों के मन की बात भी सुना। अपनी समस्याओं को लेकर काफी तादात में लोग पहले से मौजूद थे। श्रीमती ईरानी ने लोगों की समस्यायों के निस्तारण का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं का समूह भी आ गया। अधिवक्ताओं ने स्मृति इरानी से मिल कर जिलाधिकारी की शिकायत की शिकायत की। वकीलों ने डीएम पर सपा विधायक के इशारे पर एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाया। वकीलों ने बताया कि सपा विधायक के इशारे पर डीएम काम करते हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सपा विधायक तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए है। तालाब की जमीन पर सपा विधायक द्वारा कर दर्जनों कमरे बना लिए गए हैं। श्रीमती ईरानी ने अमेठी में कई शिक्षण संस्थाओं के संचालन करने वाले जगदम्बा प्रसाद मनीषी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। कुछ दिनों पूर्व इनकी बहू का आकस्मिक निधन हो गया था।

### बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं-सुरक्षाकर्मियों में मारपीट का मामला गरमाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट हो गई,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले में दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी थी, जिसके बाद सिक्योरिटी एजेंसी को नोटिस दिया गया था। छह सुरक्षाकर्मियों को दोषी मानते हुए टर्मिनेट कर दिया गया है। वायरल वीडियो शुक्रवार का है जिसमें गार्ड लोगों को पीटते हुए देखे जा सकते हैं।मामले में एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की जा रही है। मंदिर परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया था। दर्शन के लिए आए लोगों के बीच हड़कंप मच गया।मंदिर प्रशासन ने भी नाराजगी जताई है। क्रिसमस का त्योहार, वीकेंड और नए साल पर यहां काफी ज्यादा लोगों के आने की संभावना थी, इसे लेकर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तैयारियां भी की गई थीं। गार्डों की मारपीट और गुंडागर्दी का वीडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मंदिर परिसर में सेल्फी लेने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और जमकर हाथापाई हुई। कुछ युवक सेल्फी ले रहे थे तो वहां मौजूद निजी गार्डों ने उन्हें रोका।इसके बाद कहासुनी शुरू हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट होने लगी। गार्डों ने युवकों की जमकर पिटाई कर दी। मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मंदिर प्रबंधन द्वारा सिक्योरिटी एजेंसी को नोटिस दिया गया था, जिस पर एजेंसी ने कार्रवाई करते हुए 6 सुरक्षाकर्मी लोकेश, सचिन, शिवम, राकेश, राहुल और रामचरण को बर्खास्त कर दिया है।

# द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में नकल गिरोह का पर्दाफाश

## मास्टर माईन्ड सहित 55 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर पुलिस ने सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा में नकल गिरोह का पर्दाफाश कर मास्टरमाइंड समेत 55 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इनके विरुद्ध दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। हाल में आयोजित हो रही द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में शुक्रवार को उदयपुर पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को सूचना मिली कि परीक्षा में नकल गिरोह द्वारा अवैध तरीके से परीक्षा के पेपर प्राप्त कर परीक्षार्थियों से लाखों रूपये प्राप्त कर उनको परीक्षा से कुछ समय पूर्व उपलब्ध करवा हाथों हाथ पेपर को हल करवा कर परीक्षा दिलवाई जा रही है। सूचना विश्वसनीय होने से उन्होंने अपने पर्यवेक्षण में इन अपराधियो को रंगे हाथो पकडने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनजीत सिंह को निर्देश दिए। इस पर शहर के थानाधिकारियों व डीएसटी द्वारा खुफिया जानकारी प्राप्त की गई तो सामने आया कि नकल गिरोह परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों को एक बस

**पुलिस के अनुसार इनके विरुद्ध दो मुकदमे दर्ज किए गए**

में लेकर जायेगा व बस में ही पेपर प्राप्त होने पर परीक्षार्थियो को हल करवायेगा एवं उसके बाद परीक्षार्थियों को उदयपुर में छोड दिया जाएगा। सूचना पर एएसपी मनजीत सिंह के नेतृत्व में सीओ अभिषेक शिवहरे, एसएचओ संजय शर्मा, रामसुमेर मीणा, दलपत सिंह, हनुवन्त सिह सोढा, योगेन्द्र व्यास, एएसआई राजेश मेहता व डीएसटी टीम के द्वारा शहर एवं जिले में निगरानी शुरू की गई।

डीएसटी टीम को इसी दौरान सूचना मिली कि एक बस में सुखेर क्षेत्र में युवकों को बिठाकर पेट्रोल पम्प पर डीजल भरवाया गया, वहां से कुछ अन्य युवा लोगों को बिठाकर गोगुन्दा हाईवे की तरफ रवाना हुए है। संदिग्ध बस का गोगुन्दा हाईवे पर पीछा करने के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन कर



रवाना किया। एएसपी मनजीत सिंह द्वारा शहर के थानाधिकारियों को भी गोगुन्दा हाईवे पर विभिन्न स्थानो पर छुपाव लेकर नाकाबन्दी के निर्देश दिये। इस सूचना के सम्बंध में आगे सीओ राजेश कसाना व एसएचओ बेकरिया मुकेश को भी सूचित किया गया।

इस पर उनके द्वारा भी निगरानी शुरू की गई। निगरानी कर रही टीम द्वारा सूचना दी गई कि बस सिरोही जिले में प्रवेश कर गई है ओर उदयपुर की तरफ आ रही है। सूचना पर एएसपी मनजीत सिंह मय टीम द्वारा अलसुबह पिण्डवाडा से उदयपुर की तरफ आई संदिग्ध बस को बेकरीया थाने के बाहर रुकवाया गया। बस को चैक किया गया तो बस के अंदर की लाईट चालू थी, बाहरी शीशों के परदे लगे हुए थे।बस में तत्समय हेड मास्टर राजस्थान प्रवेशिका, संस्कृत विद्यालय ठेलीया, चितलवाना, जालोर सुरेश कुमार (31) निवासी रिढीया धोरा पोस्ट गुढा हेमा तहसील चितलवाना थाना झाय जिला जालोर मिला। जिनके द्वारा बस में बैठे परीक्षार्थियों को एक-एक पेपर की फोटो प्रति उपलब्ध करा रखी थी व उन प्रश्न पत्रो में अंकित सवालो को हल करवा रहा था। इस कार्य में भजन लाल पुत्र मोहन लाल विश्नोई (22) निवासी पुर तहसील सांचोर थाना सांचोर जिला जालोर हाल एमबीबीएस तृतीय वर्ष बीआईएमएस बैलगांय कर्नाटक व रायता राम (28) निवासी हरियाली थाना सांचोर जिला जालोर तत्समय सैकण्ड ग्रेड अध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय थाना जसवन्त पुरा जिला जालोर उसकी मदद कर रहे थे। बस में सभी परीक्षार्थियों के पास पेपर थे।

सभी से मिले दस्तावेजों को जब्त किया। वाहन के चालक नरेश व मालिक पीराराम द्वारा भी उक्त कृत्य में संलिप्त पाये गये। इस घटना पर प्रकरण संख्या 227/22 थाना बेकरिया में दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस मुकदमे में इन पांचों समेत 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें डमी केंडिडेट गणेश सीयोल (22) पेशा एमबीबीएस प्रथम वर्ष राजकिय चिकित्सा महाविद्यालय कोटा में अध्ययनरत निवासी माण्डीया खुर्द थाना मथानिया जिला जोधपुर, जो प्रदीप खींचड की जगह डमी केंडिडेट था। इसी तरह अशोक कुमार (22) निवासी राजीव नगर, पुर, थाना सांचोर जिला जालोर, जो लुणाराम (38) निवासी सुरजाणियों की ढाणी पुर थाना सांचोर जिला जालोर की जगह डमी केंडिडेट था। इनके अलावा बस में सवार परीक्षार्थियों में मेनका विश्नोई (23) निवासी डेडवा थाना सांचोर जिला जालोर। सरोज खोखर (23) निवासी सांचोर जिला जालोर, निवेदिता (22) निवासी रमेश कोलोनी सांचोर थाना सांचोर जिला जालोर, जय श्री (24) निवासी बी ढाणी , जालोर,संतोष (34) निवासी सार्दुलगंज बीकानेर हाल सांचोर थाना सांचोर जिला जालोर,

सोवनी कुमारी (25) निवासी सेवाडा थाना करडा जिला जालोर, सुनिल कुमार (24) निवासी रताणीयो की ढाणी, हरियाली थाना सांचोर जिला जालोर एवं जगदीश कुमार (26) निवासी मीर पुरा थाना करडा जिला जालोर शामिल है।

## ईएचसी ने आजम स्वाति की जमानत याचिका पर किया नोटिस जारी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय(ईएचसी) ने सोमवार को पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) सीनेटर आजम खान स्वाति द्वारा विवादास्पद ट्वीट्स से संबंधित एक मामले में उनकी रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य और संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को नोटिस जारी किया। श्री स्वाति को 27 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। एफआईए ने उनके खिलाफ इस्लामाबाद में 'राज्य संस्थानों के खिलाफ डराने वाले अत्यधिक अप्रिय' ट्वीट करने के आरोप मामला दर्ज किया था। यह दूसरा मौका था जब दो महीने से भी कम समय में श्री स्वाति को सेना के अधिकारियों के बारे में उनके ट्वीट करने पर एफआईए ने मामला दर्ज किया और गिरफ्तार किया। सीनेटर स्वाति ने पिछले हफ्ते जमानत के लिए इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। विशेष न्यायाधीश सेंट्रल आजम खान ने हालांकि, यह फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी कि उन्होंने 'दो बार एक ही अपराध किया है।' श्री स्वाति ने इसके बाद विशेष अदालत के आदेशों को चुनौती देते हुए आईएचसी में अपने वकील बाबर अवान के माध्यम से गिरफ्तारी के बाद की जमानत याचिका दायर की।

याचिका में उन्होंने राज्य और इस्लामाबाद में एफआईए के साइबर क्राइम रिपोर्टिंग सेंटर में तकनीकी सहायक अनीसुर रहमान को प्रतिवादी के रूप में नामित किया है। एफआईए की आपराधिक शिकायत रहमान के माध्यम से दर्ज की गई थी। श्री स्वाति की याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान अवान आईएचसी के सामने पेश हुए। सुनवाई के दौरान, आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और सुनवाई दो जनवरी (सोमवार) तक के लिए स्थगित कर दी। अधिवक्ता अवान ने आईएचसी के बाहर मीडिया से बात करते हुए आईएचसी न्यायमूर्ति बाबर सत्तार द्वारा लिखे गए एक फैसले का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा कि केवल ट्वीट से सेना में विद्रोह नहीं हो सकता।

## बर्फीले तूफान से अमेरिका-कनाडा में 38 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में उत्तरी अमेरिका और कनाडा में कहर बरपा रही भीषण ठंड से कम से कम 38 लोगों की मौत हो चुकी है एवं बर्फीले

**● न्यूयार्क राज्य का सबसे ज्यादा प्रभावित बफेलो शहर है**
**● बर्फ जमी सड़क पर पिसल जाने से चार लोगों की मौत हो गयी**



तूफान से पूरे उत्तरी अमेरिका में जन जीवन व्यापक तौर पर अस्त व्यस्त हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि पूरे अमेरिका में 34 लोगों की मौत हो गई जिसमें न्यूयार्क राज्य का सबसे ज्यादा प्रभावित बफेलो शहर है। कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के पश्चिमी प्रांत के मेरिट कस्बे के पास एक बस के बर्फ जमी सड़क पर पिसल जाने से चार लोगों की मौत हो गयी।

इस शीतकालीन तूफान का दायरा कनाडा से रियो ग्रांडे के रूप में दक्षिण में फैला है। मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं का कहना है कि अगले कुछ दिनों में तूफान कम हो जाएगा, लेकिन अगर जरुरी न हो तो यात्रा से बचने की सलाह दी है। पहले ब्लैकआउट के बाद बिजली को बहाल कर दिया गया है। करीब दो लाख उपभोक्ता रविवार दोपहर से बिना बिजली के थे। हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे कई लोग क्रिसमस पर अपने परिवारों तक नही पहुंच पाए। सर्दियों का तूफान %%बम चक्रवात%% तब होता है जब वायुमंडलीय दबाव गिरता है, जिससे भारी बर्फबारी और बर्फीली हवाएं चलती हैं जिसने पूरे अमेरिका में यात्रा को बाधित कर दिया है।

न्यूयॉर्क राज्य की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा ÷ यह इतिहास में बफ़ेलो के सबसे विनाशकारी तूफान के रूप में नीचे जाएगा। यह एक युद्ध क्षेत्र में जा रहा है और सड़कों के किनारों पर वाहन चौंकाने वाले हैं,÷ उन्होंने रविवार शाम संवाददाताओं से कहा कि निवासियों को अभी भी ÷ बहुत खतरनाक जीवन-धमकी की स्थिति÷ का सामना करना पड़ा और क्षेत्र में सभी को घर के अंदर रहना चाहिए। एरी काउंटी में बारह लोगों के मौतों की पुष्टि हुई, जिसमें कुछ पीड़ित कारों या बर्फ के किनारों पर मृत पाए गए। तूफान से संबंधित मौतें वर्मोंट, ओहियो, मिसौरी, विस्कॉन्सिन, कंसास और कोलोराडो में भी बताई गईं। दक्षिण फ्लोरिडा का तापमान इतना गिर गया है कि कि इगुआना जम गया और पेड़ों से गिर गया।

ठंड में पश्चिमी अमेरिकी राज्य मोंटाना का तापमान शून्य से 45 डिग्री तक गिर जाता है।

कनाडा में ओंटारियो और क्यूबेक प्रांत तूफान से ज्यादा प्रभावित है। क्यूबेक में लगभग 120,000 उपभोक्ता रविवार को बिजली के बिना थे। अधिकारियों का कहना है कि कुछ घरों को फिर से जोड़ने में कुछ दिन लग सकते हैं।

# देश-विदेश डायरी

## अफगानिस्तान विस्फोट में पुलिस प्रमुख की मौत, दो घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बदख्शां प्रांत में सोमवार को हुए एक विस्फोट में प्रांतीय पुलिस प्रमुख की मौत हो गयी और दो अन्य लोग घायल हो गये। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,÷ दुर्भाग्य से सोमवार सुबह बदख्शां प्रांत में एक विस्फोट में प्रांतीय पुलिस प्रमुख मौलवी अब्दुल हक अबुओमर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। श्री ताकोर ने विस्फोट की साजिश रचने के लिए 'अफगानिस्तान के नागरिकों के दुश्मनों' को दोषी ठहराया। उन्होंने पुष्टि की कि पुलिस ने हमले में शामिल होने के संदेह में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में रविवार के बाद से यह दूसरा धमाका है। रविवार शाम काबुल के पुलिस डिस्ट्रिक्ट (छह) में एक विस्फोट हुआ, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## फिलीपींस में बाढ़ से छह लोगों की मौत, 19 लापता

**मनीला।** फिलीपींस के कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी और 19 अन्य लापता हो गए हैं। यहां की स्थानीय मीडिया ने सरकार के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने कहा कि मुख्य लुजोन द्वीप पर बिकोल क्षेत्र में दो और दक्षिणी फिलीपींस में उत्तरी मिंडानाओ में चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, बिकोल क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्य और दक्षिणी फिलीपींस में बाढ़ से पांच क्षेत्रों में एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से करीब 45 हजार लोगों को 27 सरकारी आश्रयों में सुरक्षित पहुंचाया, जहां उन्होंने क्रिसमस की छुट्टियां भी बिताईं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि भारी बारिश से अचानक आई बाढ़ से लगभग 50 घर और कम से कम 14 मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। राज्य के मौसम ब्यूरो ने चेतावनी दी कि मध्य और दक्षिणी फिलीपींस में कभी-कभी तेज बारिश, बाढ़ और भूस्खलन होने के आसार हैं। इसी दौरान, सरकारी एजेंसियों से लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की अपील की गयी।

## अफगानिस्तान में विस्फोट, लोगों के हताहत होने की आशंका

**फैजाबाद।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद में सोमवार तड़के को एक विस्फोट हुआ, जिसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट आज तड़के प्रांतीय पुलिस मुख्यालय के पास हुआ, जिसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि यहां यह दूसरा धमाका है। इससे पहले, रविवार शाम को काबुल शहर के पुलिस डिस्ट्रिक्ट 6 में एक विस्फोट हुआ था, जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## बीएसएफ ने अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर तस्करों के नापाक मंसूबे को नाकाम करते हुए पंजाब में अमृतसर जिले के राजाताल गांव के नजदीक एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया।

बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अमृतसर जिले में राजाताल गाँव के पास पड़ने वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाली संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु की भनभनाहट सुनी। ड्रिल के मुताबिक जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को रोकने की कोशिश की और पूरे इलाके की घेराबंदी कर पुलिस और संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के आगे खेती के खेतों में एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर) पड़ा मिला है। क्षेत्र की और विस्तार से खोज जारी है।

## कीवी विकेटकीपर ब्लंडेल ने रचा इतिहास

**कराची।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर टाम ब्लंडेल ने कराची टेस्ट ने पाकिस्तान के शुरुआती दो विकेट स्टंपिंग से आउट कर ऐसा कारनामा कर दिखाया जो पुरुष टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान का पहला विकेट अब्दुल्ला शफीक का था, जो पारी के चौथे ओवर में कीवी टीम के दिग्गज फिरकी गेंदबाज एजाज पटेल की गेंद को क्रीज से बाहर निकल कर खेलने से चूके और विकेटकीपर ब्लंडेल ने उनकी गिल्लियां बिखेरने में कोई गलती नहीं की। शफीक की जगह लेने क्रीज पर आये शान मसूद ने अभी विकेट पर ठीक से आंख भी नहीं जमाई थी कि माइकल ब्रेसवल की गेंद पर एक बार फिर ब्लेंडल ने विकेटकीपिंग का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुये लगातार दूसरी स्टंपिंग की। उस समय पाकिस्तान का स्कोर महज 19 रन था। ब्रेसवेल ने इमाम उल हक को अपना दूसरा शिकार बनाया जब मिड विकेट की दिशा से गेंद को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाने की कोशिश में गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से मे लगी और टिम साउदी ने एक बेहतरीन कैच लपक लिया। पुरुष टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका था, जब किसी भी टीम के शुरुआती दो खिलाड़ी स्टंप के जरिये आउट हुये हों। इससे पहले हालांकि यह कारनामा महिला टेस्ट क्रिकेट में हो चुका है। वर्ष 1976 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ जमैका में वेस्टइंडीज ने दो विकेट स्टपिंग के जरिये हासिल किये थे।

## अश्विन का कैच टपकाना महंगा पड़ा : शाकिब

**ढाका ।** भारत के खिलाफ 2-0 से टेस्ट श्रृखंला गंवाने के बाद बंग्लादेश के कप्तान हार की ठीकरा खराब क्षेत्ररक्षण पर फोड़ा और कहा कि टी-20 विश्वकप में हमने अच्छी फील्डिंग की थी मगर उस प्रदर्शन को हम दोहरा नहीं सके। शाकिब ने कहा ÷ हमने भारत की पहली पारी में चार मौके गंवायें और दूसरी पारी में मोमिनुल हक ने शार्ट लेग पर अश्विन का कैच टपका दिया जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। यह थोड़ा निराशाजनक है, क्योंकि अन्य टीमें इस मौके को गंवा नहीं रही हैं कि हम चूक रहे हैं। हम उन्हें पहली पारी में 314 की बजाय 250 रन पर आउट कर सकते थे। दूसरी पारी में भी मौका था लेकिन यह क्रिकेट का हिस्सा है। हमने टी20 वर्ल्ड में अच्छी फील्डिंग की। एकदिवसीय श्रृंखला में भी हम बेहतर थे मगर हम इसे टेस्ट मैच में नहीं कर सके। हो सकता है कि यह एकाग्रता या फिटनेस की कमी के कारण हो। उन्होने कहा हमें यह पता लगाना होगा कि लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करना और गलतियां करने से कैसे बचा जा सकता है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कायम तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज टिकाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 3.69 प्रतिशत उबलकर 83.97 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी क्रूड 2.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 79.35 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

## जयदीप की हैट्रिक से दिल्ली की बड़ी जीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जयदीप सिंह की हैट्रिक की बदौलत मेजबान दिल्ली ने रविवार को हीरो संतोष ट्रॉफी के लिए 72वीं नेशनल सीनियर मेंस फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप-1 में पहली जीत हासिल की। डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में दिल्ली ने नई-नवेली लद्दाख को 7-0 से रौंद डाला। पहले मुकाबले में त्रिपुरा से गोलरहित ड्रा खेलने वाली दिल्ली के तेवर आज बदले हुये थे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के अन्य मैचों में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3-1 से परास्त किया जबकि गुजरात ने त्रिपुरा को 6-0 से धो डाला। दिल्ली की जीत के हीरो स्ट्राइकर जयदीप सिंह के अलावा रविराज (18वें मिनट), अजय रावत (35वें और 90+4वें मिनट) और गौरव चड्ढा (40वें मिनट में) ने गोल दागे। पिछले मैच के मुकाबले दिल्ली का खेल आज एकदम बदला हुआ नजर आया।



खासकर, अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने लगभग आधा दर्जन मौके गंवाने के बावजूद बड़े अंतर से मेजबान टीम को जीत दिलाई। विजेता टीम हाफ टाइम तक 3-0 से आगे थी। प्लेयर ऑफ द मैच रहे जयदीप ने 47वें, 88वें और 90+1वें मिनट में दनादन तीन गोल जमकर हैट्रिक पूरी करके वाहवाही लूटी। वेटर्न स्ट्राइकर अजय सिंह रावत (35वें और 90+4वें मिनट) के दोनों गोल भी दर्शनीय रहे।

आज की जीत से दिल्ली ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर आ गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक ड्रा से चार अंक हैं। उसके आगे कर्नाटक छह अंकों के साथ ग्रुप-1 में शीर्ष पर है। कर्नाटक ने आज अपनी लगातार दूसरी जीत की। वहीं गुजरात दो मैचों में एक जीत और एक हार से तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। उत्तराखंड, त्रिपुरा और लद्दाख ने दो मैचों में एक ड्रा से एक-एक अंक है।

इससे पहले दिन के पहला मैच जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला गया। इस मुकाबले में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3-1 से परास्त किया। इस मैच का पहला गोल जैकब जॉन कट्टूकारेन ने 21वें मिनट में दागकर कर्नाटक को बढ़त दिलाई लेकिन 44वें मिनट में अजय बिष्ट ने उत्तराखंड को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन स्टॉपेज टाइम के दौरान 45+3वें मिनट में शाजन फ्रैंकलिन ने गोल करके कर्नाटक को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में उत्तराखंड ने पूरे समय आक्रामक फुटबॉल खेली लेकिन मैच खत्म होने से ठीक पहले 90+3वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी अंकित पी. ने गोल करके कर्नाटक को 3-1 से जीत दिला दी। दिन के तीसरे मैच में गुजरात ने त्रिपुरा को 6-0 से धो डाला। जय कनानी ने 20वें, 67वें, 90+2वें और 90+5वें मिनट में हैट्रिक सहित चार गोल किए। कप्तान मोइनुद्दीन और धर्मेश परमार टीम के अन्य स्कोरर रहे।

## कराची टेस्ट में बाबर ने तोड़े कई रिकॉर्ड




**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में शुरू हुये पहले टेस्ट की पहली पारी में मोहम्मद यूसुफ का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

बाबर के पास पाकिस्तानी बल्लेबाज के तौर पर अब एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। इससे पहले मोहम्मद युसूफ ने वर्ष 2006 में एक कलेंडर वर्ष में 2435 रन बनाये थे। बाबर पहली पारी में नाबाद 54 रन बनाकर 2022 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अब तक 2477 रन बना चुके हैं। एक कलेंडर वर्ष में सर्वाधिक अर्धशतक बनाने के मामले में भी बाबर अब दुनिया के पहले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होने आज 25वां अर्धशतक ठोका और इसके साथ उन्होने वर्ष 2005 में रिकी पोंटिंग के 24 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

पाकिस्तान के कप्तान ने इस साल नौ टेस्ट मैचों में 1000 से अधिक रन बनाये हैं। इस कैलेंडर वर्ष में उनके अलावा केवल तीन अन्य बल्लेबाज ही टेस्ट में चार अंकों का आंकड़ा छूने में सफल रहे हैं। 28 साल के बाबर ने एक दिवसीय क्रिकेट में भी इस साल इसी तरह की निरंतरता दिखाई है और नौ मैचों में 679 रन बनाए हैं जिनमें आठ मैचों में उन्होंने 50 या उससे अधिक के स्कोर दर्ज किए हैं। टी-20 में उन्होने इस साल 123.32 की स्ट्राइक रेट और 31.95 रन औसत से 735 रन बनाए हैं।

## शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स-निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी

**एजेंसी**

**मुंबई।** कोरोना संक्रमण के आसन्न खतरों के बीच एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, इंडस्ट्रियल्स और दूरसंचार समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार चार दिन की गिरावट से उबरते हुए आज एक प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 721.13 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की छलांग लगाकर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर 60566.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207.80 अंक अर्थात 1.17 प्रतिशत की उड़ान भरकर 18 हजार अंक के पार 18014.60 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जबरदस्त लिवाली हुई। मिडकैप 2.31 प्रतिशत की तेजी लेकर 24,990.42 अंक और स्मॉलकैप 3.13 प्रतिशत उछलकर 28,106.75 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3768 कंपनियों के




शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2876 में लिवाली जबकि 759 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 40 कंपनियां हरे जबकि शेष 10 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई में हेल्थकेयर समूह की 0.45 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 2.35, सीडी 1.94, ऊर्जा 1.65, एफएमसीजी 1.20, वित्तीय सेवाएं 2.18, इंडस्ट्रियल्स 2.53, आईटी 1.02, दूरसंचार 2.08, यूटिलिटीज 3.40, ऑटो 1.24, बैंकिंग 2.04, कैपिटल गुड्स 1.84, धातु 2.25, तेल एवं गैस 1.55, पावर 3.18, रियल्टी 2.41 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.35 प्रतिशत चढ़ गए। एशियाई बाजारों में तेजी का रुख रहा। जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 प्रतिशत मजबूत रह वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि क्रिस्मस पर अवकाश के कारण यूरोपीय बाजारों में आज कारोबार स्थगित रहा।शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 90 अंक फिसलकर 59,755.08 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 59,754.10 अंक के निचले स्तर पर आ गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# कैटरीना कैफकी क्रिसमस फोटोज देख यूजर्स ने दी होने वाले पेरेंट्स को बधाई, क्या सच में प्रेग्नेंट हैं कैटरीना




**बॉलीवुड** सेलेब्स ने क्रिसमस काफी धूमधाम से मनाया है, जिसकी झलक सोशल मीडिया पर भी दिखाई दी। कई सेलेब्स ने इस दौरान अपने घर पर ग्रैंड पार्टीज रखी थी जहां खूब मौज-मस्ती हुई। इसी बीच कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने भी अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है। हर कोई कैटरीना से एक ही सवाल कर रहा है और रूमर्स का सिलसिला भी शुरू हो गया है। लेकिन आखिर ऐसा क्या है इस तस्वीर में जो सभी ने नोटिस कर लिया और एक्ट्रेस से सीधा सवाल करने लगे? दरअसल, क्रिसमस के खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से 2 तस्वीरें शेयर की थी। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की खुशी साफ दिखाई दे रही है। आपको बता दें, एक तस्वीर में एक्ट्रेस अपनी फैमिली के साथ नजर आ रही है। जिसमे कैटरीना के साथ उनके पति विक्की कौशल, एक्ट्रेस के सास-ससुर और देवर सनी कौशल और उनकी बहन ईसाबेल कैफ बड़ी-सी स्माइल करते दिखाई दे रहे हैं। फोटो में कैट अपनी सास के साथ काफी कम्फर्टेबल नजर आ रही हैं। ये एक हैप्पी फैमिली फोटो है। वहीं दूसरी तस्वीर की बात करें तो इसमें एक डेकोरेटेड क्रिसमस ट्री पर कैटरीना और विक्की की प्यारी-सी फोटो लगी हुई है। लेकिन इन फोटोज को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को ऐसा लग रहा है जैसे कैटरीना प्रेग्नेंट है। ऐसे में एक्ट्रेस के पोस्ट पर कमेंट करते हुए लोगों ने उनसे पूछ ही लिया कि क्या वो मां बनने वाली हैं? एक फैन के कमेंट किया, कैट प्रेग्नेंट दिख रही है। तो कोई बोला, मुझे लगता है वो प्रेग्नेंट है? वहीं एक शख्स ने तो उन्हें बधाई ही दे डाली। कुछ लोग तो सनी कौशल और कैटरीना की बहन ईसाबेल कैफ के रिश्ते को लेकर भी बातें करने लगे। एक शख्स ने लिखा, लगता है कैट की बहन अब कैट की देवरानी बनने वाली है। हालांकि अब इस फोटो से कैटरीना कैफ की प्रेगनेंसी की रूमर्स शुरू हो गई हैं। दरअसल, एक्ट्रेस सबके पीछे दिखाई दे रही हैं, जिससे इस अफवाह को हवा मिल गई है कि कैट अपना बेबी बंप छिपा रही हैं। हालांकि सच क्या है वो तो बस कपल ही बता सकता है।



# टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने की आत्महत्या, मां ने लगाया अभिनेता शीजान पर आरोप



टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्माने टीवी सीरियल के एक शो के सेट पर आत्महत्या कर ली। तुनिशा ने अली बाबा दास्तान-ए-काबुलमें शहजादी मरियम की भूमिका निभाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री ने 20 साल की उम्र में शनिवार (24 दिसंबर) को अपने टीवी शो के सेट पर सुसाइड कर लिया। उनका शव मेकअप रूम में पंखे से लटका मिला। बता दें कि तुनिशा शर्मा ने छोटी सी ही उम्र में एक्टिंग के करियर में अपनी पहचान बना ली थी। उन्होंने कई पॉपुलर सीरियल और फिल्म में काम किया था। उनके अचानक सुसाइड करने की खबर से उनके फैंस को गहरा झटका लगा है। गौरतलब है कि शो के सेट पर मेकअप रूम में तुनिशा ने खुद की जिंदगी खत्म कर ली। वहीं तुनिशा शर्मा के निधन पर उनके फैंस अभिनेत्री के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कमेंट के जरिए शोक व्यक्त कर रहे हैं।

अली बाबा दास्तान-ए-काबुल में शहजादी मरियम की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की आत्महत्या को लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा, एक्ट्रेस ने खुद को मेकअप रूम में पंखे से लटका लिया था। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक तुनिशा अपने को-स्टार शीजान मोहम्मद खान के मेकअप रूम में थीं। वहीं अपना शॉट देने के बाद जब शीजान अपने मेकअप रूम में लौटे तो उनका रूम लॉक था। जिसके बाद तुनिशा को बार-बार आवाज लगाई गई। इसके बाद भी गेट न खुलने परदरवाजा तोड़ा गया और तुनिषा को अस्पताल ले जाया गया। वहीं तुनिशा शर्मा की मौत पर उनकी मां ने अभिनेता शीजान मोहम्मद खान पर आरोप लगाया है। बता दें कि तुनिशा शर्मा की मां ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। मां का कहना है कि शीजान से पीड़ित हो कर तुनिशा ने आत्महत्या की है।

# अनुपमा फिर करेगी छोटी अनु को नजरअंदाज, अनुज से फिर होगी जबरदस्त लड़ाई



सीरियल ‘अनुपमा’ में जहां पहले अनुज और अनुपमा का रोमांस नहीं खत्म होता था वहीं इन दिनों दोनों के बीच दूरियां आ गई हैं। अनुपमा अपनी बेटी पाखी की वजह से परेशान है और अपनी छोटी बेटी अनु का ध्यान नहीं रख पा रही है। कई बार ऐसा हुआ है जब अनुपमा को अपनी बेटी का साथ देना था मगर वो नहीं दे पाती है। यही वजह है कि अनुज और अनुपमा के बीच लड़ाईयां होने लगी हैं। अनुपमा इन दिनों शाह और कपाड़िया परिवार के बीच फंस गई है, पाखी और शाह परिवार के अन्य सदस्यों की वजह से वो अपनी छोटी बेटी अनु पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे पाएगी। अपकमिंग एपिसोड में दिखाएंगे कि अनुपमा अपनी बेटी अनु के स्कूल फंक्शन में नहीं पहुंच पाएगी जिसकी वजह से अनु को परफॉर्म नहीं करने दिया जाएगा। अनु रोने लगती है और अनुज उसे समझाता है। इस बात से अनुज को अनुपमा पर काफी गुस्सा भी आता है।सीरियल अनुपमा में दिखाएंगे कि बरखा और अनुपमा में भी झगड़ा होगा, बा और बरखा में भी मतभेद होगा। वहीं यह भी दिखाएंगे कि अनुपमा दिल से अपनी जिम्मेदारियां कपाड़िया परिवार और छोटी अनु के लिए निभाना चाहेगी मगर वो ऐसा करने में कामयाब नहीं हो पाएगी। देखना दिलचस्प होगा कि अनुपमा की कहानी आगे क्या मोड़ लेगी?

# क्रिसमस पार्टी पर दोस्त ओरी का हाथ थामे नजर आईं अजय देवगन की बेटी नीसा देवगन

**बॉलीवुड** कपल अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन की क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियोज सामने आए हैं। नीसा शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन के बाहर पिंक ड्रेस में नजर आईं, उनके साथ उनके दोस्त ओरी अवतरमणि भी थे, नीसा उनका हाथ पकड़े नजर आ रही थीं। इस पार्टी में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और अर्जुन रामपाल की बेटी महिका रामपाल भी मौजूद थे। नीसा का बोल्ड लुक चर्चा का विषय बन गया। कई लोग नीसा को उनके लुक और ओरी का हाथ पकड़ने की वजह से ट्रोल भी करते दिखे। कई लोग नीसा देवगन को प्लास्टिक सर्जरी के लिए भी ट्रोल कर रहे हैं, वहीं कई लोगों का कहना है कि नीसा ने स्किन को फेयर करने का ट्रीटमेंट भी लिया है। सच्चाई क्या है ये तो किसी को नहीं पता लेकिन लोगों को सिर्फ कमेंट करने से मतलब है। ओरी के नाम से मशहूर ओरहान ओरी अवतरमणि अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन के करीबी दोस्त हैं। ओरी का नाम मशहूर एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के साथ भी जोड़ा जाता है। ओरी सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। जहां उनकी बेटी को ट्रोल किया जा रहा है



वहीं कुछ समय पहले काजोल ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर आपको ट्रोल नहीं किया जा रहा है इसका मतलब है कि आप फेमस नहीं हैं। काजोल ने कहा कि उन्हें उनकी बेटी की ट्रोलिंग पर दुख होता है मगर वो बेटी को समझाती हैं कि उन्हें निगेटिव कमेंट्स पर ध्यान नहीं देना चाहिए। 20 अप्रैल 2003 को पैदा हुई नीसा इन दिनों सिंगापुर में पढ़ाई कर रही हैं। काजोल ने एक बार बताया था कि नीसा वहां काफी फेमस है, कई बार लोग उसे रोककर ऑटोग्राफ लेते हैं। यह पहली बार नहीं है जब नीसा देवगन को ट्रोल किया जा रहा है, इससे पहले भी वो कई बार ट्रोल्स का सामना कर चुकी हैं। इससे पहले दादा वीरू देवगन की मौत के दो दिन बाद सैलून जाने पर भी नीसा ट्रोल हुई थीं, बाद में अजय देवगन ने बताया था कि बेटी का मूड ठीक करने के लिए उन्होंने ही उसे सैलून भेजा था।

# क्रिसमस पर सांता क्लोज बन सड़कों पर घूमती दिखीं उर्फी जावेद

बिग बॉस 14’ और ‘खतरों के खिलाड़ी 11’ फेम उर्फी जावेद इन दिनों लगातार बवाल मचाती नजर आ रही हैं। कभी कांच, तो कभी सिल्वर फॉयल, कभी चांदी की वर्क, तो कभी साइकिल की चेन से अपने बदन को ढकने वाली उर्फी जावेद (ह्द्धद्ध छ्वड्डु1द्गस्र) हर बार अपने अतरंगी फैशन से लोगों को हैरान करती रहती हैं। वो कब किसी चीज से अपने लिए ड्रेस बना लें किसी को नहीं पता। वो हर दिन अपने लुक से फैंस को एक नया सरप्राइज देती हैं। यही नहीं वो न जानें कितनी बार कैमरे के सामने टॉपलेस भी हो चुकी हैं। उर्फी (ह्द्धद्ध छ्वड्डु1द्गस्र) जब भी कैमरे के सामने आती हैं लोगों के दिमाग में एक ही बात घूमती है कि आखिर इस बात वो क्या नया कारनामा करने वाली हैं। आए दिन उनके नए लुक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। इसी बीच अब उर्फी एक नया वीडियो सामने आया है। उर्फी का नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उर्फी रेड कलर की लेदर ड्रेस में नजर आ रही हैं। ये ड्रेस जंपसूट स्टाइल की है। उनकी ड्रेस की एक लेग फुल और दूसरी बिलकुल शॉर्ट है। एक्ट्रेस ने अपनी ड्रेस को पीछे से जहां पूरी तरह कवर रखा है वहीं आगे से इसे थोड़ा ओपन रखा है।ड्रेस में गले के साइड पर बड़ा सा कट लगा हुआ है। उर्फी ने अपने लुक को पूरा करने के लिए उर्फी जावेद ने बालों को ओपन किया है साथ ही सटल मेकअप में नजर आ रही हैं। वह कैमरे के सामने चलते हुए नजर आ रही हैं और अलग-अलग पोज देते हुए वीडियो बनवा रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- ‘आपका सैंटा यहां पर है‍कोई भी विश मांगिए।’ उर्फी जावेद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस के वीडियो पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पूजा नाम की यूजर ने लिखा कि तुम ही हमारी विश हो। एक यूजर ने लिखा है, ‘पूरे कपड़े में ही अच्छी दिखती है।’रवि नाम के यूजर ने लिखा कि मुझे दस हजार रुपये की जरूरत है। खुशबू नाम की यूजर ने लिखा कि ‘आधी पैंट किधर गई।’



## ज्यादा हल्दी खाने से होता है किडनी स्टोन का खतरा, जानिए सेवन करने की सही मात्रा

**आयुर्वेद** में हल्दी का इस्तेमाल प्राचीन समय से चल रहा है। इसमें विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम, डाइटरी फाइबर, जिंक, मैग्नीज और पोटैशियम होता है जो सेहत को कई तरीके के फायदे पहुंचाता है। सीमित मात्रा में हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कई तरीकों से नुकसानदायक भी हो सकता है। आईए जानते हैं ज्यादा हल्दी खाने से होने वाले कुछ नुकसान के बारे में।

**ज्यादा हल्दी का सेवन नहीं है खतरे से खाली**

**पेट से जुड़ी समस्याएं**

सीमित मात्रा में हल्दी खाना पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करती है, लेकिन इसे ज्यादा खाने से कई बार पेट फूलना, डायरिया, गैस बनने के साथ ही पाचन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकता है।

**लिवर को नुकसान**

अगर आप लिवर से जुड़ी किसी समस्या से जूझ रहे हैं तो हल्दी के सेवन पर रोक लगाएं। इसे ज्यादा मात्रा में लेने से लिवर से जुड़ी समस्याएं कई बार बढ़ भी सकती हैं।

**स्किन रैशेज**

हल्दी का सेवन ज्यादा मात्रा में करने से स्किन रैशेज यानि त्वचा पर चकत्ते निकलने जैसी समस्या भी हो सकती है। हालांकि ऐसी स्थिति बहुत ही कम देखने को मिलती है।

# अकेलापन खा रहा लोगों की उम्र, पहुंचाता है धूम्रपान से भी ज्यादा नुकसान

**दुनिया** में लगातार विकसित होती तकनीक की चलते करोड़ों मील दूर लोग भी आपस में एक-दूसरे के साथ जुड़ रहे हैं। हम दुनिया में किसी भी कोने में बैठे किसी भी शख्स से बात कर सकते हैं, उसे देख सकते हैं। हम सभी अपने परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों के साथ भी आसानी से संपर्क कर पाते हैं लेकिन ये स्किके का सिर्फ एक पहलू है। दूसरा पहलू ये है कि तमाम तरह की तकनीकों के बावजूद लोग अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। कई लोग मजबूरी और तो कई अपनी इच्छा के अनुसार खुद को लोगों से दूर कर लेते हैं जो इंसानी प्रकृति के विपरीत है। यही वजह है कि अकेले रहने वाले लोग अवसाद, तनाव, हृदय रोग, डाइमेंशिया जैसी कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। वहीं एक नई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि अकेलापन इंसान को समय से पहले बूढ़ा बना देता है और ये सेहत को धूम्रपान से भी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

रिसर्च में हुआ ये चौंकाने वाला खुलासा

इस रिसर्च में ये दावा किया गया है कि अकेलापन इंसान को एक साल आठ महीने यानि लगभग दो साल आगे कर देता है जिससे वो हमउम्र लोगों की तुलना में जल्दी बूढ़े होते है और ये धूम्रापन से भी तेजी से उम्र बढ़ाता है। धूम्रापन करने वाले लोगों की उम्र हमउम्र लोगों की तुलना में एक साल तीन महीने जल्दी बढ़ती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि अकेलापन कई अन्य बीमारियों के साथ ही शरीर में सूजन भी बढ़ाता है जिसके परिणामस्वरुप व्यक्ति की अल्जाइमर समेत कई बीमारियों से घिरने की आशंका बढ़ जाती है। भारत में लगभग 50 लाख लोग अकेलेपन का शिकार हैं जिनमें ज्यादातर लोग शहरी इलाकों में रहते हैं। वहीं एक वैश्विक सर्वेक्षण में दावा किया गया कि दुनिया की 33 प्रतिशत आबादी अकेलेपन से पीड़ित है। अकेलेपन से हेल्थ पर पड़ता है बुरा असर



वैज्ञानिकों की कहना है कि अकेलापन और लोगों से दूरी इंसान का स्वास्थ्य खराब करती है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन कई रिसर्च में सामने आया है कि अकेलेपन से शरीर में सूजन बढ़ती है। दरअसल सूजन तब होती है जब शरीर संक्रमण या कोई चोट लगने पर उससे लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को रसायनों का उत्पादन करने का सिग्नल देता है और ऐसा तनाव और अवसाद की स्थिति में भी होता है, जिससे शरीर में सूजन हो जाती है। अमेरिका की हावर्ड यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बताती है।